卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंध्य सिन्धो: सलिलं सलीलं, य: शोकवहि जनकात्मजाया: ❀ आदाय तेनैव ददाह लंकां, नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
❀ मनोजवं मारूत तुल्य वेगं, जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् ❀ वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये ❀

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 87 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बृहस्पतिवार ♦4 जनवरी 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## भाजयुमो की बाइक रैली में उमड़े लोग

गदरपुर(उद संवाददाता)।भारतीय युवा मोर्चा मंडल सशक्तिकरण अभियान गदरपुर द्वारा क्षेत्रीय विधायक अरविंद पांडे के नेतृत्व में निकाली गई विशाल बाइक रैली में 1000 से अधिक बाइकें शामिल हुई। अन्नपूर्णा राइस मिल से शुरू हुई बाइक रैली का नगर के मुख्य मार्ग होते हुए कृष्णा पेट्रोल पंप पर रैली का समापन हुआ। भारतीय जनता युवा मोर्चा के नगर अध्यक्ष मुनि भुसरी बीते कई दिनों से बाइक रैली की तैयारी में जुटे हुए थे। जिसमे 1101 बाईकों के साथ रैली निकालने का लक्ष्य रखा गया था। बृहस्पतिवार को अन्नपूर्णा राइस मिल पर सुबह 10 बजे से ही भाजपा कार्यकर्ताओं और अन्य लोगों का जमावड़ा लगना शुरू हो गया। देखते ही देखते हजारों लोगों का हुजूम मुनि भुसरी के प्लांट पर लग गया। जिसे देख कर मुनि भुसरी भी गदगद नजर आए। रैली में शामिल हुए विधायक अरविंद पांडे ने कहा कि ये मुनी भुसरी की मेहनत और लगन के कारण ही इतनी संख्या में पब्लिक पहुंची है और मिशन 2024 में भारतीय जनता पार्टी अपना परचम फिर से लहराएगी।रैली के दौरान जय श्री राम के नारों से वातावरण गूंज उठा। दौरान रैली में अतुल पांडे, हिमांशु सरकार, तरुण दुबे, गुट्टू पपनेजा, संतोष गुप्ता, रवि पाल, राकेश बंटी, चकित हुड़िया, रोहित सुदामा, पंकज सेतिया, मिनी गुंबर, छोटेलाल, मो रिजवान,प्रताप सिंह, अभिषेक गुंबर,संतोष श्री वास्तव,पुरन सिंह, अशोक हुड़िया, कुणाल, धमेंद्र सहित हजारों की संख्या में लोग रहे।





## सड़क हादसे में बाईक सवार युवक की मौत

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। गत सायं गदरपुर मार्ग पर गूलरभोज मोड़ पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाईक सवार युवक





की मौत हो गई। सूचना मिलने पर परिजन वहां आ गये और उनमें कोहराम मच गया। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ने घटनास्थल पर आकर लोगों से आवश्यक जानकारी ली और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पौस्ट मार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार बिंदुखेड़ा निवासी 23 वर्षीय जोगेन्द्र सिंह पुत्र जसवंत सिंह पार्सल डिलीवरी का काम करता था। बताया जाता है कि गत सायं वह अपनी मोटर साईकिल से गूलरभोज रोड़ पर जा रहा था इसी दौरान अज्ञात वाहन चालक ने उसे सामने से जोर से टक्कर मार दी और वाहन चालक मौके से फरार हो गया। (शेष पृष्ठ सात पर)

## शोषण के खिलाफ डाल्फिन कर्मियों का हंगामा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सिडकुल स्थित डाल्फिन से जुड़े संस्थानों के सैकड़ों कर्मियों ने सेक्टर 2 में डाल्फिन की पीपी आटो इवोनेटर फैक्ट्री गेट के समक्ष नारेबाजी कर जमकर हंगामा किया। साथ ही उन्होंने सहायक श्रमायुक्त को ज्ञापन भी सौंपा। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने भी मौके पर पहुंचकर श्रमिकों को समर्थन दिया और उनके साथ संघर्ष में पूरा साथ देने का ऐलान किया। रोषित कर्मियों का कहना था कि उन्हें डाल्फिन की कम्पनी ऑरियल पीपी आटो इनोवेटर सेक्टर नं० 4, में कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उनका कहना है कि अपिस्टर का वेतन 16 हजार रूपये और हेल्पर का वेतन 12 हजार रूपये होना चाहिए। साढ़े 9 घण्टे ड्यूटी कराने के बाद भी उन्हें कोई टी ब्रेक नहीं दिया जाता है। 8 घण्टे की ड्यूटी में 2 टी ब्रेक कम्पनी की ओर से मिलने चाहिए। उनका आरोप है कर्मियों



को टॉयलेट के लिये जाने नही दिया जाता है। कर्मचारीगण का वेतन 30 और 31 दिन के हिसाब से बनाकर देते हैं, जबकि हमारा वेतन 26 दिन का होना चाहिए। कर्मचारीगण को विपरित विषम परिस्थियों में गेट पास नहीं देते है और गेट पास देते हैं तो 1 दिन की ड्यूटी काट ली जाती है। कर्मचारीग यदि सोमवार या (शेष पृष्ठ सात पर)

## 26 ग्राम स्मैक और रिवाल्वर के साथ तस्कर गिरफ्तार

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। गत रात्रि आवास विकास चौकी पुलिस टीम ने गश्त के दौरान एक स्मैक तस्कर को अवैध स्मैक के साथ साथ लाईसेंसी रिवाल्वर, इलैक्ट्रिक तराजू व हजारों की नगदी संग गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार चौकी प्रभारी नीमा बोहरा साथी पुलिस कर्मियों के साथ क्षेत्र में गश्त कर रही थी । इसी दौरान किच्छा बाईपास रोड़ पर सांई मंदिर के पास एक युवक संदिग्ध रूप से खड़ा दिखाई दिया। पुलिस टीम को देखकर जब उसने भागने की कोशिश की तो संदेह होने पर टीम ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता विवेक सक्सेना पुत्र हरीशंकर सक्सेना निवासी खेड़ा वार्ड 5 बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से 26.20 ग्राम अवैध स्मैक, इलैक्ट्रॉनिक तराजू तथा 3100 रूपये नगद बरामद हुए। सघन तलाशी लेने पर विवेक के पास से एक लाईसेंसी रिवाल्वर भी बरामद किया गया। पुलिस ने बरामद सारा सामान कब्जे में लेकर विवेक के विरूद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया।

## मुख्य बाजार में व्यापारी से लूट की कोशिश

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत दिवस नगर के मुख्य बाजार में स्थित कपड़ा व्यापारी से लूट की कोशिश की गई। व्यापारी के गले से सोने की चेन लूटने में नाकामयाब होने पर आरोपी नगदी की डिमांड करने लगे। पुलिस को सूचना देते ही लूट के इरादे से आया व्यक्ति साथी सहित मौके से भाग निकला। इस वारदात से व्यापारियों में भारी रोष व्याप्त है। मामले की तहरीर पुलिस को दे दी गई है। दुर्गा मंदिर गली स्थित अरोरा साड़ी निकेतन के स्वामी सचिन अरोरा ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि 3 जनवरी को सांय लगभग 5.30 बजे दो व्यक्ति उसकी दुकान पर आए जिसमें से एक कुछ दिन पूर्व उसकी दुकान पर कार्य करता था। सचिन का आरोप है कि वह व्यक्ति उसकी दुकान पर शराब पी कर लूट के इरादे से आया था। दुकान पर आते ही वह गाली गलौच करने लगा। मना करने पर उसे धक्का मारकर उसने गले में पड़ी सोने की चैन छीनकर ले जाने की कोशिश (शेष पृष्ठ सात पर)

## सपाइयों ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिला उधमसिंहनगर के तहसील बाजपुर के 20 गांव 5838 एकड़ भूमि पर लगी खरीद-फरोख्त की रोक हटाने की मांग की लेकर



आज सपा मुलायम यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय महासचिव अरविंद यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन कर राज्यपाल (शेष पृष्ठ सात पर)

# मंत्री-विधायक 'विवाद' पर एक्शन में 'धामी'

**आग भड़कने के पूर्व डाला समस्या समाधान का पानी, वन मंत्री से फोन पर की बात, पुरोला विधायक को दिया समस्या समाधान का आश्वासन, उधर दोनों ही माननीय को भाजपा अध्यक्ष ने भी दी तीखी नसीहत**

-अर्श-

देहरादून। ऐसे समय ,जबकि लोकसभा चुनाव दिन- प्रतिदिन नजदीक आते जा रहे हैं और तीन राज्यों के विधानसभा चुनाव में करारी हार से हताश- निराश कांग्रेस किसी मुद्दे को लपकने के लिए उत्तराखंड में तैयार बैठी है ,भाजपा नीत सरकार के मंत्री एवं विधायक अपनी आपसी लड़ाई को सड़क पर लाकर अपनी ही पार्टी एवं सरकार के लिए एक नई सरदर्दी खड़ा करने पर आमादा है। बताना होगा कि बीते रोज उत्तरकाशी जिले के दो अलग-अलग वन प्रभागों में तैनात डीएफओ दंपती को हटवाने की मांग को लेकर कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल और भाजपा के पुरोला विधायक दुर्गेश्वर लाल के बीच मंत्री आवास पर तीखी बहस हो गई। बात यहां तक बढ़ गई कि जिस कागज पर वन मंत्री ने डीएफओ के विरुद्ध जांच के आदेश दिए थे, विधायक ने मंत्री के सामने ही वह कागज फाड़कर हवा में उछाल दिया। इसके बाद पुरोला विधायक नारेबाजी करते हुए अपने समर्थकों के साथ मंत्री आवास के बाहर धरने पर बैठ गए। धरने के बाद देर शाम विधायक मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मिले और पूरे प्रकरण से अवगत कराया। भाजपा विधायक दुर्गेश्वर लाल सीएम से मुलाकात के दौरान बेहद




भावुक हो गए। वह सीएम से लिपटकर फफक -फफक कर रोने लगे। सीएम ने उन्हें बड़ी मुश्किल से संभाला और ढांढस बंधाया। उन्होंने पुरोला विधायक को आश्वस्त किया कि उनकी समस्या का समाधान किया जाएगा। पुरोला विधायक से की मुलाकात के बाद सीएम ने तत्काल कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल से भी फोन पर बात की और वस्तु स्थिति की जानकारी ली। उधर अपनी ही सरकार के वन मंत्री सुबोध उनियाल के खिलाफ भाजपा विधायक दुर्गेश्वर लाल का धरना देना एवं समर्थकों के साथ नारेबाजी करना भाजपा प्रदेश नेतृत्व को खासा नागवार गुजारा है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने भाजपा विधायक और वन मंत्री को शालीनता से अपनी बात रखने की हिदायत दी है।उन्होंने दोनों नेताओं से फोन पर बातचीत में ताकीद किया कि उन्हें ऐसे किसी भी विवादित आचरण से बचना चाहिए, जो मीडिया की सुर्खी बनें और जिससे विपक्ष को अनायास ही सवाल उठाने का मौका मिल जाए। खबर है कि प्रदेश अध्यक्ष ने विधायक को स्पष्टीकरण के लिए तलब भी कर लिया है। हालांकि इस मुद्दे पर मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने बड़ा ही संतुलित उत्तर दिया। उनका कहना था कि मैंने दोनों से बात की है। दुर्गेश्वर लाल जनप्रतिनिधि हैं।जन समस्याओं और जनहित से जुड़े मुद्दों को उठाना उनकी जिम्मेदारी है।वह अपने क्षेत्र की समस्याओं को मंत्री या अधिकारी के समक्ष उठा सकते हैं। लेकिन भाजपा एक अनुशासित पार्टी है और एक विधायक होने (शेष पृष्ठ सात पर)

# 20 वर्षों से विधानसभा में नहीं रखी गयी वक्फ बोर्ड के क्रियाकलाप की वार्षिक रिपोर्ट

## 2003 में राज्य वक्फ बोर्ड गठन से 2023 तक वाषिक रिपोर्ट नहीं बनी

काशीपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड वक्फ बोर्ड के क्रियाकलाप की वार्षिक रिपोर्ट राज्य सरकार द्वारा बनाकर 20 वर्षों से विधानसभा के समक्ष नहीं रखी गयी हैं। 2003 में राज्य वक्फ बोर्ड गठन से 2023 तक 20 वर्षों में से किसी भी वर्ष की वार्षिक रिपोर्ट बनी ही नहीं है। यह खुलासा सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीम उद्दीन को उत्तराखंड वक्फ बोर्ड के द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूचना से हुआ।काशीपुर निवासी सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीम उद्दीन एडवोकेट ने वक्फ अधिनियम 1995 की धारा 98 के अन्तर्गत उत्तराखंड वक्फ बोर्ड की वार्षिक रिपोर्ट बनाने, विधानसभा के समक्ष रखने सम्बन्धी सूचना मांगी थी। इसकी सूचना न उपलब्ध होने पर प्रथम अपील तथा उत्तराखंड सूचना आयोग को द्वितीय अपील की गयी। द्वितीय अपील सं0 38709 में सूचना आयुक्त अर्जुन सिंह के आदेश दिनांक 05-12-2023 के बाद उत्तराखंड वक्फ बोर्ड के लोक सूचना अधिकारी/रिकार्ड कीपर सोहन सिंह रावत ने अपने पत्रांक 1107 दिनांक 21 दिसम्बर 2023 से सूचना उपलब्ध करायी है। श्री नदीम को उपलब्ध सूचना के अनुसार उत्तराखंड गठन से सूचना उपलब्ध कराने की तिथि तक वक्फ अधिनियम 1995 की धारा 98 के अन्तर्गत प्रदेश के वक्फ बोर्ड व वक्फ सम्पत्तियों के प्रशासन के सम्बन्ध में वार्षिक रिपोर्ट नहीं बनी है तथा वार्षिक रिपोर्ट बनाकर विधानसभा के समक्ष नहीं रखी गयी है। श्री नदीम के सूचना प्रार्थना पत्र के जिन वर्षों की वार्षिक नहीं बनी है उसके रिकार्ड पर उपलब्ध आधारों सहित पूर्ण विवरण सम्बन्धी बिन्दु की कोई सूचना नहीं उपलब्ध करायी गयी है। सूचना अधिकार कार्यकर्ता तथा कानून के जानकर नदीम उद्दीन एडवोकेट ने बताया कि वक्फ अधिनियम 1995 धारा 98 के अनुसार राज्य सरकार वित्तीय वर्ष की समाप्ति के पश्चात यथाशीघ्र राज्य वक्फ बोर्ड के कार्यकरण और प्रशासन तथा उस वर्ष के दौरान राज्य में वक्फों के प्रशासन की बाबत एक साधारण वार्षिक रिपोर्ट तैय्यार करायेगी और उसे विधानसभा के समक्ष रखवाएगी। श्री नदीम को उपलब्ध अन्य सूचना के अनुसार राज्य में पंजीकृत वक्फ की संख्या कुल 3004 है जिसमें 2091 सुन्नी वक्फ तथा 13 शिया वक्फ शामिल है। वक्फ बोर्ड को सम्पत्तियों में हुई आय से अंशदान के रूप वित्तीय वर्ष 2022-23 में सुन्नी वक्फ सम्पत्तियों से केवल 22 लाख 48 हजार 805 रू. तथा शिया वक्फ सम्पत्तियों से 13790 रू. की धनराशि प्राप्त हुई है। श्री नदीम के अनुसार राज्य द्वारा वक्फ बोर्ड व सम्पत्तियों के प्रशासन की वार्षिक रिपोर्ट वक्फ बोर्ड के 2003 में गठन से 2023 तक न बनाना अत्यंत चिन्ताजनक व आश्चर्यजनक है। इस रिपोर्ट के बनाने, सार्वजनिक होने तथा विधानसभा के समक्ष रखने से वक्फ सम्पत्तियों पर हो रहे अतिक्रमण को जहां प्रभावी ढंग से रोका जा सकता था तथा वक्फ सम्पत्तियों से होने वाली आय को बढ़ाया जा सकता था जो वक्फ अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार मुस्तियों तथा अन्य लोगों के सार्वजनिक हितों सहित लोक कार्यों में खर्च की जा सकती थी।

# 28 किलो चरस पकड़कर उत्तराखंड में दूसरे नंबर पर रही चंपावत पुलिस

टनकपुर(उद संवाददाता)। चंपावत पुलिस का वर्ष 2023 का कार्यकाल काफी शानदार रहा। एसपी चंपावत देवेंद्र पींचा के कुशल नेतृत्व में चंपावत पुलिस ने वर्ष 2023 में 28 किलो से अधिक चरस पड़कर उत्तराखंड में दूसरा स्थान प्राप्त किया है तथा पर्वतीय जनपद में चंपावत पुलिस पहले नंबर पर रही जिले के तेज तर्रार एसपी देवेंद्र पींचा ने जानकारी देते हुए बताया वर्ष 2023 में चंपावत पुलिस ने 21 अभियुक्तों से 28 किलो से अधिक चरस पकड़ने में सफलता हासिल की



है। इसके अलावा 65 अभियुक्तों से 1200 ग्राम से अधिक स्मैक पकड़कर उत्तराखंड में तीसरा स्थान हासिल किया है। एसपी ने बताया साथ ही चंपावत पुलिस ने 292.55 ग्राम अफीम भी बरामद की है। एसपी ने बताया पिछले 15 दिनों के भीतरी चंपावत पुलिस ने चार अभियुक्त से 7.320 किलोग्राम चरस व पांच अभियुक्त से 23.78 ग्राम स्मैक बरामद कर ली है। पींचा ने कहा वर्ष 2024 में भी चंपावत पुलिस का नशा तस्करों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा साथ ही उन्होंने नशा तस्करों को चेतावनी देते हुए कहा या तो नशे का काला कारोबार छोड़ दे नहीं तो जेल के दरवाजे उनके लिए खुले हुए हैं। कुल मिलाकर एसपी पींचा के नेतृत्व में चंपावत पुलिस नशा तस्करो की कमर तोड़ने में जुटी हुई है।

# पुरोला विधायक के उत्पीड़न से राज्य की राजनीति भी शर्मिंदा हो रही : हरीश रावत

देहरादून(उद संवाददाता)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सीएम हरीश रावत ने कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल द्वारा पुरोला के विधायक का उत्पीड़न करने का आरोप लगाने के प्रकरण पर कहा है कि सीएम को हस्क्षेप कर मामले की जांच करनी चाहिये। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में पूर्व सीएम हरीश रावत ने कहा है कि राज्य के एक माननीय विधायक, पुरोला विधानसभा क्षेत्र जो अनुसूचित क्षेत्र



है वहां का प्रतिनिधित्व करते हैं। मंत्री के घर के आगे धरने पर बैठे हुये लगभग विलाप करते हुए कह रहे हैं कि मुझको दो बार जाति सूचक शब्दों से संबोधित करते हुए अपमानित किया गया है। यूं भी राज्य के अंदर दलित उत्पीड़न की विशेष तौर पर दलित महिलाओं के उत्पीड़न की बहुत सारी घटनाएं घटित हो चुकी हैं, हम शर्मिंदा हैं। दलित उत्पीड़न, महिला उत्पीड़न लगातार बढ़ रहा है। इस घटना ने जिसमें एक दलित विधायक जिसे सक्षम व्यक्ति समझा जाना चाहिए वो, मंत्री पर आरोप लगा रहे हैं कि उन्होंने उनको जाति सूचक शब्दों से संबोधित करते हुए अपमानित किया है। मामला सही है या गलत, इसका निष्कर्ष केवल माननीय मुख्यमंत्री जी दे सकते हैं। यदि माननीय मंत्री जी ने विधायक जी के लिए जातीय सूचक शब्दों का प्रयोग किया है तो यह अत्यधिक गंभीर मामला है इससे राज्य की राजनीति शर्मिंदा हो रही है और यदि विधायक ने गलत कहा है तो फिर विधायक को सार्वजनिक रूप से अपनी इस गलत आरोप लगाने के लिए क्षमा मांगनी चाहिए। मगर गलती कहां है यह निर्णय तो माननीय मुख्यमंत्री जी करेंगे, गलती किसी न किसी की है उसके लिए राज्य को शर्मिंदा होना पड़े यह किसी भी स्थिति में उचित नहीं है। मैं क्षुब्ध होकर यह ट्वीट कर रहा हूं।

# कांग्रेस ने वन मंत्री के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट को पत्र लिखकर की शिकायत

देहरादून(उद संवाददाता)। भाजपा विधायक और वन मंत्री के ऑडियो को लेकर सियासत तेज हो गई है। बताया जा रहा है कि अब कांग्रेस प्रवक्ता गरिमा मेहरा दसौनी ने वन मंत्री सुबोध उनियाल की शिकायत सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों और रजिस्ट्रार को पत्र लिख कर की है। उन्होंने आरोप लगाया है कि मंत्री द्वारा न्यायालय के प्रति अभद्र और आपत्तिजनक



टिप्पणी की है। उत्तराखंड कांग्रेस प्रवक्ता गरिमा मेहरा दसौनी ने कहा है कि प्रदेश के वन मंत्री द्वारा कथित तौर पर कोर्ट के खिलाफ की गई अभद्र और आपत्तिजनक टिप्पणी का वो घोर विरोध करती हैं। जिसको देखते हुए वो सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट को स्वत संज्ञान के लिए शिकायत पत्र भेज रही हैं। बता दें कि पिछले दिनों एक ऑडियो और वीडियो वायरल हुआ था। जिसमें आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग करते हुए हाईकोर्ट को गाली दी जा रही थी। बताया जा रहा है कि बातचीत का ये वीडियो भीमताल से विधायक राम सिंह कैड़ा का तब का है जब वो खुद लागों के साथ बैठकर वन मंत्री से बात करते हुए सुनाई दिए जा सकते है। हालांकि वन मंत्री अपनी आवाज को लेकर इनकार कर चुके हैं कि वह वॉइस उनकी नहीं है और हाईकोर्ट का का पूर्ण रूप से सम्मान करते है। बहरहाल अब मामले को लेकर विपक्षी दल कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया है और जांच होने पर भाजपा नेताओं की मुश्किले बढ़ सकती है।

# सीएम ने विभिन्न योजनाओं के 12 लाभार्थियों से किया संवाद

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को सचिवालय में वर्चुअल माध्यम से अल्मोड़ा जनपद में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत केन्द्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के 12 लाभार्थियों से संवाद किया। मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी अल्मोड़ा को पी.एम विश्वकर्मा योजना के तहत पात्र लोगों को पूरा लाभ दिए जाने हेतू सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण करने के निर्देश दिए। संवाद के दौरान अल्मोड़ा के श्री पान सिंह परिहार, प्रीति भंडारी, सीमा कुमारी, श्री अमर सिंह मेहता एवं अन्य लाभार्थियों ने विभिन्न योजनाओं का लाभ मिलने पर प्रधानमंत्री जी और मुख्यमंत्री जी का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 09 साल के कार्यकाल में समाज के हर वर्ग के लोगों को ध्यान में रखकर योजनाएं बनाई गई और उनका लाभ समाज के अंतिम पंक्ति के लोगों तक पहुंचाया जा रहा है। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद श्री नरेश बंसल, सचिव श्री विनय शंकर पाण्डेय, अपर सचिव श्री रणवीर सिंह चौहान, श्री आनंद स्वरूप, वर्चुअल माध्यम से जिलाधिकारी अल्मोड़ा श्री विनीत तोमर और मुख्य विकास अधिकारी सुश्री आकांक्षा कोंडे उपस्थित थे।

# पानी को तरस रहे टनकपुर के ग्रामीण क्षेत्र

टनकपुर (उद संवाददाता)। ग्रामीण इलाकों के लोगों को पानी के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। तहसील स्थित पेयजल आपूर्ति पंप में खराबी के कारण यह नौबत आई है। ग्रामीणों ने शीघ्र ही पेयजल आपूर्ति सुचारु करने की मांग की है। टनकपुर के ग्रामीण इलाकों में बीते तीन दिनों से पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। पेयजल आपूर्ति बाधित होने से ग्रामीणों को पानी के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। आमबाग, ककरालीगेट, कार्की फार्म, नायकगोठ, कर्मचारी कॉलोनी आदि क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति ठप हुई है। नायकगोठ ग्राम प्रधान भवानी देवी, पूर्व उप प्रधान माधो सिंह, राहुल विश्वकर्मा, अमित सिंह, राकेश सिंह, राधा देवी, सरस्वती देवी, पार्वती देवी, सावित्री देवी, रमा देवी आदि ने बताया कि उनके गांव में बीते तीन दिनों से पानी नहीं आया है। जिससे ग्रामीणों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जल संस्थान के पंप हाउस में तकनीकि खराबी आने के कारण लोगों को दिक्क्तों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने शीघ्र ही पेयजल आपूर्ति सुचारु करने की मांग की है। मामले में जल संस्थान के एई बीएस कुआर्वी ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। पेयजल पंप में खराबी आई है। जिसे सुचारु किया जा रहा है।

# आरती अखिल भारतीय जूड़ो चैंपियनशिप के लिए चयनित

कालाढूंगी(उद संवाददाता)। राजकीय महाविद्यालय कोटाबाग की कुमारी आरती का चयन अखिल भारतीय जूडो चैंपियनशिप के लिए किया गया है। यह जानकारी उत्तर पश्चिम जूडो अंतर विश्वविद्यालय चैंपियनशिप में कुमाऊं विश्वविद्यालय



नैनीताल दल के टीम मैनेजर योगेश कुमार पांडे ने दी। कुमारी आरती ने सर्वप्रथम अंतर महाविद्यालय जूडो प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त कर कुमाऊं विश्वविद्यालय जूडो दल में अपना स्थान पक्का करवाया। उसके बाद कुमारी आरती उत्तर पश्चिम अंतर विश्वविद्यालय जूडो चैंपियनशिप कानपुर में गई और वहां पर अपने साहसिक प्रदर्शन के बल पर अखिल भारतीय जूडो चैंपियनशिप के लिए चयनित हुईं। आगामी माह में कुमारी आरती अखिल भारतीय जूडो चैंपियनशिप में खेलती हुई नजर आएंगी। राजकीय महाविद्यालय कोटाबाग के इतिहास में कुमारी आरती पहली ऐसी खिलाड़ी हैं। आरती की इस सफलता पर क्रीड़ा अधिकारी डॉ नागेंद्र शर्मा प्रशिक्षक सुश्री गंगा मेहरा प्राचार्य प्रोफेसर नवीन भग क्रीड़ा प्रभारी डॉक्टर हरिश्चंद्र जोशी, डॉक्टर परितोष उपरेती(मैनेजर) सहित समस्त महाविद्यालय परिवार ने आरती की इस उपलब्धि पर उन्हें बधाई दी हैं।

# पूजित अक्षत का किया वितरण

गदरपुर(उद संवाददाता)। आराध्य भगवान श्री राम के पवित्र मंदिर अयोध्या धाम से अक्षत अयोध्या से गदरपुर पहुंचे जिसका वितरण पत्रक सहित वार्ड नंबर 11में भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा द्वारा किया गया। जिला अध्यक्ष ने कहा 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में प्रमाण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर समस्त भक्तजन अपने नजदीकी



मंदिर में पहुंचकर पूजा अर्चना करें और अपने घर में दीए जलाकर दिवाली की तरह त्योहार मनाए साथी उन्होंने प्रत्येक वार्ड वासियों को अपने घर में दिए जलाने के लिए आग्रह किया इस दौरान उनके साथ डॉक्टर सोनू विश्वास, विनोद बजाज, कृष्णलालसुधा, प्रमोद बजाज, विनोद, कृष्णलाल गाबा सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# हवन यज्ञ और भंडारे के साथ श्रीमद् भागवत कथा का संपन्न





नैनीताल(उद संवाददाता)। गोवर्धन कीर्तन हॉल समिति मल्लीताल नैनीताल में श्री मद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा का हवन यज्ञ के साथ परायण हुआ। 28 दिसम्बर से श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का आयोजन चन्द्रशेखर जोशी पप्पन जोशी जोशी बाला जी भोजनालय द्वारा आयोजित किया गया था। कथा में अंतिम दिन प्रात: काल आइ बजे से पूजा मण्डल में गणेश पूजन, पंचांग कर्म पूजन वास्तु पूजन, क्षेत्र पाल पूजन, सर्वत्तोभद्र पूजन, राधाकृष्ण पूजन, षोडशोपचार पूजन, तुलसी पूजन,हवन किया गया। हवन के विषय में व्यास जी भगवती प्रसाद जोशी जी द्वारा जानकारी दी गई कि हवन में अट्ठारह हजार श्लोक हुए अट्ठारह सौ आहुतियों से देवताओं को भोजन कराया गया। हवन के उपरान्त शय्या दान किया गया। शय्या दान के विषय में व्यास जी ने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा में या पूजन में जो कमी रह जाती है जो त्रुटि हो जाती है गौ दान द्वारा उसका निवारण किया जाता है,गौ माता उस कमी को दूर कर देती हैं। इस पूजन में चन्द्रशेखर जोशी पप्पन जोशी, हरीश चंद्र जोशी, ईश्वरीय दत्त जोशी, सुमित जोशी, रवि जोशी, गोविन्द बल्लभ जोशी, मुकुन्द जोशी आदि ने भाग लिया। इसके उपरांत व्यास जी भगवती प्रसाद जोशी ने आज श्री हरि नारायण कि कथा आरम्भ की। उन्होंने कहा कि हरि अनन्त हरि कथा अनंता।श्री हरि ने पृथ्वी का भार उतारने के लिए पृथ्वी पर नर रूप में अवतार लिया और अपनी लीला को पूर्ण करने के उपरान्त अपने धाम को चले गए। व्यास जी ने भक्तों को श्री हरि का एक मंत्र दिया, उन्होंने कहा कि सुबह और सायंकाल को नियमित रूप से इसका जाप करने से उनके मानसिक, शारीरिक, कष्टों निवारण होगा। इसके उपरांत व्यास पूजन हुआ। व्यास जी ने आयोजक पप्पन जोशी को आशीर्वाद दिया। उनके इस प्रयास कि सराहना की तथा इस ज्ञान यज्ञ को सफल बनाने वाले सभी श्रद्धालुओं, माता , बहनों, श्रोताओं ज्ञात अज्ञात भक्तजनों को अपना आशीर्वाद दिया वघ गोवर्धन कीर्तन हॉल समिति मल्लीताल नैनीताल के द्वारा दिए गए सहयोग के लिए उनका आभार व्यक्त किया तथा भविष्य में भी उनके इस सहयोग कर आकांक्षा की। आयोजक विनीत चन्द्रशेखर जोशी द्वारा इस पुनीत ज्ञान यज्ञ को सफलतापूर्वक संपन्न करने में सहयोग करने वाले सभी श्रद्धालुओं का हृदय से आभार व्यक्त किया। इसके उपरांत भण्डारे का आयोजन किया गया था जिसमें श्रद्धालुओं द्वारा प्रसाद ग्रहण किया गया।

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बडे पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरूनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com 05944-246817




किराये हेतु
रूद्रपुर में भगत सिंह चौक पर एक तीन मंजिला मकान ( बेसमेंट सहित ) किराये हेतु उपलब्ध है।
-सम्पर्क करें-
मो. 9012700007

# गरीब मरीजों को वितरित किए कंबल

## रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम में मनाई गई मां सारदा की 171वीं जयंती

हरिद्वार(उद संवाददाता)। रामकृष्ण परमहंस की अर्धांगिनी मां सारदा देवी की 171वीं जयंती रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम कनखल में श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम चिकित्सालय में भर्ती गरीब मरीजों को कंबल वितरित किए गए। रामकृष्ण मिशन के सचिव स्वामी दयामूर्त्यानंद महाराज ने कहा कि मां सारदा एक अलौकिक और दिव्य शक्ति के रूप में अवतरित हुई जिन्होंने अपनी दिव्य शक्ति से लोगों को भवसागर से पार लगाया। उन्होंने कहा कि मां कहती थी कि छोटी सोच मत रखो। भगवान से लौकी और कद्दू के लिए प्रार्थना न करें बल्कि ईश्वर से अपने दिल से शुद्ध प्रेम और शुद्ध ज्ञान के लिए प्रार्थना करनी चाहिए। स्वामी जी ने कहा कि आज बरसों बाद भी जब उनके समय जैसी परिस्थितियां अपने आसपास पाते हैं तो उनके विचार याद आते हैं। उन्होंने कहा कि मां सारदा रामकृष्ण परमहंस की पत्नी और आध्यात्मिक सहयात्री थीं, बल्कि वे उस वक्ष्त की सामाजिक उन्न्नति और मानवीय चेतना के विकास की अग्रदूत भी थीं। रामकृष्ण मठ के अनुयायी उन्हें श्री मां संबोधित करते हैं। स्वामी दयामूर्त्यानंद ने कहा कि मां



सारदा ने कभी भी प्राणी मात्र में भेद नहीं किया, फिर चाहे स्ध्वामी विवेकानंद जैसा प्रखर आध्ध्यात्मिक पुरूष हो या डाकू हो या कोई चींटी, श्री मां ने सभी को समान स्ध्नेह और ममता प्रदान की। स्वयं अशिक्षित होने के बावजूद मां सारदा ने महिलाओं के लिए शिक्षा की जमकर पैरवी की। उन्होंने कहा कि मां सारदा ने कहा था कि 'यदि आप मन की शांति चाहते हैं, तो दूसरों में दोष न ढूंढें. बल्कि अपने दोष देखें, पूरी दुनिया को अपना बनाना सीखो,कोई भी पराया नहीं है,पूरी दुनिया तुम्हारी अपनी है।' मां सारदा के जीवन पर प्रकाश डालते हुए स्वामी जी ने कहा कि उनका जन्म कलकत्ता के पास एक छोटे से गांव जयरामबाटी में 22 दिसंबर 1853 को हुआ था. उस समय की परंपरा के अनुसार पांच साल की उम्र में उनकी शादी रामकृष्ण से हो गई थी. जब वे अठारह वर्ष की हुईं, तब हुगली नदी के किनारे स्थित रामकृष्ण परमहंस की कर्मभूमि दक्षिणेश्वर काली मंदिर पहुंची और यह स्थान भी उनकी कर्मभूमि बन गया है। इस अवसर पर जप, ध्यान, मंगल आरती, वैदिक मंत्र पाठ,भजन, विशेष पूजा, चंडी पाठ, हवन आदि धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गये। स्वामी जगदीश महाराज ने मां शारदा के जीवन पर प्रकाश डाला।इस अवसर पर स्वामी देवात्यानंद महाराज, स्वामी जगदीश महाराज, स्वामी कमला कांतानंद महाराज, स्वामी एकाश्रयानंद महाराज, स्वामी मोहनानंद बर्मन महाराज, पी कृष्ण मूर्ति, सुगंधा कृष्णमूर्ति, मिशन की नर्सिंग डायरेक्टर मिनी योहानन्न,लेखिका डॉ राधिका नागरथ,समाजसेवी लव गुप्ता आदि उपस्थित थे।संगीतकार सुनील मुखर्जी ने भजनों की प्रस्तुति दी।

# गोवा के नटवर लाल को देहरादून में किया गिरफ्तार

देहरादून(उद संवाददाता)। गोवा में करोड़ों रुपये की ठगी करने वाले नटवरलाल को उत्तराखंड पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स व गोवा पुलिस ने संयुक्त आपरेशन के बाद देहरादून के पटेलनगर क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। एसएसपी एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने बताया कि नार्थ गोवा जनपद के पोरवोरिम पुलिस स्टेशन में दर्ज करोड़ों रुपये की ठगी के मामले में फरार चल रहे आरोपित अशोक कुमार मौर्या निवासी बशरतपुर, जिला गोरखपुर उप्र, वर्तमान निवासी लक्ष्मी निवास मेरसेस संत क्रूज नार्थ गोवा के उत्तराखंड में छिपे होने की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर एसटीएफ ने उसके बारे में जानकारी जुटानी शुरू की। उसकी



लोकेशन ट्रेस करते हुए आरोपित को सोमवार को राजरानी वेडिंग प्वाइंट सेवला खुर्द, पटेलनगर से गिरफ्तार कर गोवा पुलिस के सुपुर्द किया गया है। एसएसपी ने बताया कि अशोक कुमार मौर्या अदिति कंस्ट्रक्शन कंपनी गोवा के एकाउंट कार्यालय में नियुक्त था। आरोपित ने कई वर्षों तक कंपनी में काम करते हुए फर्जी तरीके से कंपनी के 17 करोड़ रुपये अपने शेयर मार्केट अकाउंट में ट्रांसफर कर लिए और अपने व अपने परिवार के साथ सभी मोबाइल नंबर बंद करके फरार हो गया।

# चौराहों, तिराहों के चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण के निर्देश

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। नैनीताल नगर के अंतर्गत रोड सेफ्टी तथा ट्रैफिक व्यवस्था को सुव्यवस्थित किए जाने के उद्देश्य से चौराहों, तिराहों के चौड़ीकरण, सौंदर्यीकरण और सुदृढ़ीकरण के संबंध में बुधवार को जिलाधिकारी वंदना सिंह



की अध्यक्षता में जिलाधिकारी सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें जिलाधिकारी ने नगर के 7 चौराहों-तिराहों में पीडब्ल्यूडी द्वारा किए जाने वाले कार्य की प्रगति की जानकारी और कार्यों में विभिन्न विभागों के समन्वय में आ रही समस्याओं का समाधान किया। उन्होंने तल्लीताल डाट के पास यूपीसीएल को पोल को हटाने और नयी जगह चिन्हीकरण करने के साथ ही 15 दिनों के भीतर पोल शिफ्ट कराने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर आयुक्त को डाट के समीप हेरिटेज भवन और पोस्ट आफिस मस्जिद तिराहे को चौड़ीकरण के साथ बेहतर लाइट, पेंटिंग आदि लगवाने के निर्देश दिए। चीना बाबा मंदिर के पास बाथरुम को दूसरी जगह शिफ्ट करने की बात कही। मनूमहारानी होटल के पास विद्युत पोल हटाने और लोनिवि-के अधिकारियों को समंवय बना कर कार्य कराने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने सभी विभाग के अधिकारियों को कहा कि उक्त कार्य मार्च माह तक पूर्ण कराए जाने हैं। एसबीआई तिराहे के पास चौक पोस्ट को पीछे, सड़कों के किनारे अतिक्रमण हटाने और सड़कों को चौड़ीकरण करने, यूपीसीएल के अधिकारियों को आपसी समंवय के साथ बेहतर कार्य करने की बात कही। इस दौरान नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय, एस पी क्राइम डा़ जगदीश चंद्,सीओ विभा दीक्षित समेत नगर पालिका, लोनिवि आदि के विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# प्रस्तावित खेल रैली को लेकर दिये दिशा निर्देश

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी विनीत तोमर ने जिला कार्यालय सभागार में 38वें राष्ट्रीय खेलों के प्रचार-प्रसार हेतु राष्ट्रीय खेल ध्वज के माध्यम से जनपद में होने वाली रैली के सम्बन्ध में एक बैठक की। बैठक में जिला क्रीड़ा अधिकारी ने बताया कि जनपद में रैली माह फरवरी में प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय खेल ध्वज रैली चौघानपाटा, शिखर चौराह से मिलन चौक होते हुये माल रोड में समाप्त होगी। इस रैली में प्रभारी मंत्री/विधायकगणों, स्कूली बच्चों, एनएसएस, एनसीसी, भूतपूर्व खिलाड़ियों, खेल संघ के पदाधिकारियों, खेल प्रेमियों व आम लोगों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। उन्होंने बताया कि इस रैली में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ा जायेगा ताकि 38वें राष्ट्रीय खेलों का प्रचार प्रसार हो सके। बैठक में जिलाधिकारी ने जिला क्रीड़ा अधिकारी को निर्देश दिये कि रैली को भव्य बनाने के साथ ही रैली को सफलतापूर्वक आयोजित की जाय साथ ही रैली के लिये जो भी तैयारियॉ की जानी है उन्हें समय से पूर्ण कर लिया जाय। उन्होंने निर्देश दिये कि रैली के आयोजन हेतु होने वाले व्यय के लिए खेल निदेशालय देहरादून से बजट की मांग की जाय। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी अधिकारी को निर्देश दिये कि रैली दौरान एक एम्बुलेंस तैनात की जाय साथ ही पुलिस विभाग द्वारा रैली के दौरान यातायात व्यवस्था को बनाये रखने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने क्षेत्रीय पुरातत्व अधिकारी को निर्देश दिये कि रैली के दौरान सांस्कृतिक दलों को बुलाया जायबैठक में जिला क्रीड़ा अधिकारी



अरूण बनग्याल, पुलिस उपाधीक्षक विमल प्रसाद, मुख्य चिकित्साधिकारी डाआरसी पंत, जिला युवा कल्याण अधिकारी प्रशान्त कुमार, मुख्य शिक्षाधिकारी ए0डी0 बलोदी, क्षेत्रीय पुरातत्व अधिकारी सी0एस0 चौहान सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# हंस फाउंडेशन ने भगवानपुर में मनाया दृष्टिहीन दिवस

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।ग्राम भगवानपुर में दृष्टि हीन दिवस मनाया गया जिसमें हंस फाउंडेशन के सामाजिक सुरक्षा अधिकारी जे. जे. कुमार ने बताया कि हर साल 4 जनवरी का दिन दुनियाभर में ब्रेल दिवस के रूप में मनाया जाता है। नेत्रहीन लोगों के लिए यह दिन बेहद खास होता है क्योंकि आज ही के दिन नेत्रहीनों की जिंदगी में रोशनी भरने वाले लुइस ब्रेल का जन्म हुआ था। लुइस ब्रेल ने ही ब्रेल लिपि को




जन्म दिया था जिसके चलते आज दृष्टिहीन लोग भी पढ़-लिख रहे हैं और आगे बढ़ रहे हैं। ब्रेल लिपि एक ऐसी लिपि है जिसका इस्तेमाल दृष्टि बाधित लोगों को पढ़ाने के लिए किया जाता है। इस लिपि में नेत्रहीन लोग स्पर्श के जरिए पढ़ते-लिखते हैं। इस लिपि में कागज पर उभरे हुए बिंदुओं के स्पर्श से दृष्टि बाधित लोगों को शिक्षा दी जाती है। पढ़ने के अलावा इस लिपि के जरिए बुक भी लिख सकते हैं। जिस तरह टाइपराइटर के माध्यम से पुस्तकें लिखी जाती हैं ठीक उसी प्रकार ब्रेल लिपि में रचना के लिए ब्रेलराइटर का इस्तेमाल किया जाता है।

# ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। जिलाधिकारीजिला निर्वाचन अधिकारी विनीत तोमर ने स्यालीधार स्थित ईवीएम वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने सीसीटीवी रूम का निरीक्षण किया और सहायक निर्वाचन अधिकारी को निर्देश दिये कि समयसमय पर सीसीटीवी की रिकार्डिंग चौक की जाय। उन्होंने निर्देश दिये



कि सुरक्षा व्यवस्था को चाक चौबंद रखा जाय साथ ही सुरक्षा के सभी मानकों का पालन किया जाय। इस दौरान तहसीलदार सदर दलीप सिंह, सहायक निर्वाचन अधिकारी भरत सिंह रावत, वृजमोहन बिष्ट सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# केंद्रीय राज्य मंत्री अजय भट्ट ने की नैनीताल जनपद में हो रहे विकास कार्यो की समीक्षा

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। देर सांय केन्द्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्यमंत्री अजय भटट ने सर्किट हाउस काठगोदाम में जनपद में हो रहे विकास कार्यो की समीक्षा बैठक जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ ली। जनपद में हो रहे जल जीवन मिशन के कार्यों मे ढिलाई एवं गुणवत्ता पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते द्वारा नही किया गया है उन्हें ब्लैक लिस्टेड किया जाय तथा नये ठेकेदारों को कार्य दिया जाए। उन्होंने कहा कि जलजीवन मिशन के अन्तर्गत जिन क्षेत्रों मे सडक क्षतिग्रस्त हो गई है शीघ्र सडक मरम्मत कार्य किया जाए ताकि आमगमन सुचारू हो तथा आम जनमानस को आवागमन मे असुविधा ना हो। उन्होंने अमृतपुर में दिये। श्री भटट ने कहा कि लोक सभा क्षेत्रों मे अधिकांश एक्से मशीन खराब होने पर श्री भटट से सचिव स्वास्थ्य राजेश कुमार से वार्ता कर शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिये। श्री भटट ने कहा कि अधिकारी जिन क्षेत्रों मे योजनाओं पर कार्य करते है जनप्रतिनिधियों को भी सूचना अवश्य दें। उन्होंने कहा अधिकारी



हुये श्री भटट ने कहा कि जल जीवन मिशन के कार्यों में कोताही एवं गुणवत्ता पर सम्बन्धित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जायेगी। श्री भटट ने बैठक में अनुपस्थित अधिकारियों पर नाराजगी व्यक्त की और मुख्य विकास अधिकारी को स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश दिये। बैठक में जलजीवन मिशन की समीक्षा के दौरान श्री भटट ने कहा कि जल जीवन मिशन के कार्य काफी धीमी गति से हो रहे है। उन्होंने कहा कि जिन योजनाओं पर आतिथि तक कार्य ठेकेदार जलजीवन मिशन के अन्तर्गत पुरानी पाईप लाईन उखाडने पर गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा पुरानी पाईप लाईन उखाडने से लोगों को पानी नही मिल पा रहा है। उन्होंने सम्बन्धित ठेकेदार के खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश दिये। विद्युत विभाग की समीक्षा के दौरान कहा कि पर्वतीय क्षेत्रों के विकास खण्डों मे विद्युत बिलों का वितरण नही किया जाता है तथा विद्युत बिल 6 माह में आते है। श्री भटट ने दूरभाष पर यूपीसील के एमडी से वार्ता कर शीघ्र समाधान करने के निर्देश आपसी समन्वय के साथ कार्य करें तथा इसकी सूचना से जनप्रतिनिधियों को भी अवगत करायें। बैठक में अध्यक्ष जिला पंचायत बेला तोलिया,विधायक सरिता आर्या, रामसिंह कैडा, मोहन सिंह बिष्ट, जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, मुख्य विकास अधिकारी अशोक कुमार पाण्डे, एएसपी हरबंश सिह, अधिशासी अभियंता विद्युत देवेन्द्र सिह बिष्ट, जिला कार्यक्रम अधिकारी मुकुल चौधरी,परियोजना निदेशक अजय सिंह, उपजिलाधिकारी पारितोष वर्मा के साथ ही जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# मनसा देवी मंदिर में रोपवे का संचालन बंद, श्रद्धालु परेशान

हरिद्वार। मनसा देवी रोपवे का संचालन चौथे दिन बुधवार को भी नहीं हुआ। इसके चलते देश के विभिन्न राज्यों से गंगा स्नान के बाद माता के दर्शन करने आए श्रद्धालुओं को लौटना पड़ा। वहीं, संचालन की जिम्मेदारी संभाल रहे नगर निगम का रुख भी स्पष्ट नहीं हुआ। निगम का कहना है कि कंसलटेंट से परामर्श लिया जा रहा है। रोपवे संचालन की स्थिति तकनीकी जांच के बाद ही स्पष्ट होगी। बता दें कि 31 दिसंबर को मनसा देवी रोपवे का संचालन कर रही ऊषा ब्रेको कंपनी का अनुबंध समाप्त हो गया। इसके संचालन के लिए नए सिरे से टेंडर और तकनीकी जांच के आदेश हाईकोर्ट से मिले हैं। नगर निगम रोपवे संचालन की समय सीमा समाप्त होने को लेकर पूर्व में गंभीर नहीं हुआ और वर्तमान में इसका खामियाजा श्रद्धालुओं को भुगतना पड़ रहा है। नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त श्यामसुंदर का कहना है कि उच्च न्यायालय के आदेश के अनुरूप पहले कंसलटेंट की रिपोर्ट ली जाएगी। इसके बाद निर्णय लिया जाएगा कि रोपवे संचालन योग्य है या नहीं। यदि रोपवे संचालन करने योग्य है तो उच्चाधिकारियों से अनुमति लेकर टेंडर प्रक्रिया को पूर्ण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि रोपवे संचालन को लेकर निर्णय लेने में फिलहाल 15 दिन से अधिक का समय लग सकता है। हरकी पैड़ी पर स्नान के बाद चंडी देवी रोपवे के जगह चालकों ने सीधे 50 से 100 रुपये प्रति व्यक्ति की मांग की। माता मनसा देवी रोपवे के टिकट काउंटर से पूर्व सैकड़ों दुकानें लगी हैं। फूल पत्ती, नारियल, चुंदरी और प्रसाद बेचकर व्यवसाय करने वाले



संचालन होने की जानकारी पर कई श्रद्धलुओं ने उस ओर रुख किया। गंगा घाट के दूसरे छोर पर स्थित चंडी देवी मंदिर जाने के लिए सभी को ई-रिक्शा बुक करना पड़ा। आरोप है कि कई ई-रिक्शा चालकों ने खूब मनमानी की। 20 से 25 रुपये प्रति सवारी किराये की व्यापारियों को काफी नुकसान हो रहा है। चार दिनों से रोपवे संचालन बंद होने से उनकी दुकानों से ग्राहक भी नहीं आ रहे हैं। कुछ चाय पान की दुकानें तो पूरी तरह बंद हो गई हैं। व्यवसायी नरेश और अजीत सिंह ने बताया कि ग्राहकों के न आने से व्यापार प्रभावित हुआ है।

# बड़ी गौशालाओं के मैनेजमेंट और मॉनिटरिंग के लिए मैकेनिज्म तैयार किया जाए : सीएस

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु ने बुधवार को सचिवालय में प्रदेश में गौशालाओं के निर्माण की प्रगति की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश में अधिक से किया जाएगा। उन्होंने कहा कि योजना से प्रदेश को पूर्ण रूप से सैचुरेट करने के लिए बजट की व्यवस्था मिसिंग लिंक से की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि गौशालाओं को बड़ा बनाया जाए अधिकारियों से अगले 10 दिन में सड़कों को लावारिस गायों से मुक्त किए जाने के लिए टाईमलाईन सहित कार्ययोजना प्रस्तुत किए जाने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि गौशालाओं के



अधिक गौशालाओं का निर्माण शीघ्र से शीघ्र किया जाए ताकि प्रदेश की सड़कों से गायों को हटाकर गौशालाओं में शिफ्ट किया जा सके। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्रों में शहरी विकास एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जिला परिषद के अंतर्गत यह कार्य ताकि आने वाले 10-15 सालों तक उन्हें फिर से बढ़ाने की आवश्यकता न पड़े। इसके लिए पूर्व में भेजे गए छोटी गौशालाओं के प्रस्तावों को वापस लौटाकर अगले एक हफ्ते में बड़ी गौशालाओं के प्रस्ताव मांगे जाएं। उन्होंने मैनेजमेंट और मॉनिटरिंग के लिए मैकेनिज्म भी तैयार किया जाए। इस अवसर पर सचिव डॉ. बी.वी.आर.सी. पुरूषोत्तम, श्री एच.सी. सेमवाल एवं अपर सचिव श्री अरूणेन्द्र चौहान सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# 22 जनवरी को 500 वर्षों के सतत संघर्ष के परिणाम का देशवासी साक्षी बनेंगे : रामदेव

हरिद्वार। श्री राम जन्मभूमि अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होने के लिए स्वामी रामदेव को भी निमंत्रण पत्र मिला। पतंजलि योगपीठ हरिद्वार पहुंचे विश्व हिन्दू परिषद के केंद्रीय मंत्री एवम राष्ट्रीय प्रवक्ता अशोक तिवारी तथा प्रांत संगठन मंत्री अजय कुमार ने उन्हें संयुक्त रूप से न्योता दिया। निमंत्रण पत्र को सहर्ष स्वीकार करते हुए स्वामी रामदेव ने कहा कि 22 जनवरी को 500 वर्षों के सतत संघर्ष और असंख्य हुतात्माओं के बलिदानों के परिणाम के देशवासी साक्षी बनेंगे। स्वामी रामदेव ने बताया कि वह श्री राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में सम्मिलित होने के लिए निजी विमान से अयोध्या पहुंचेंगे। स्वामी रामदेव ने कहा कि यह गौरवशाली दिन विश्व इतिहास के पन्नों में दर्ज होगा। 22 जनवरी को अयोध्या के श्रीराम मंदिर के गृर्भगृह में भगवान रामलला विराजमान होंगे। 25 पीढ़ियों के बलिदान, त्याग और समर्पण के प्रतिफल स्वरूप प्राप्त इस भव्य आयोजन की साक्षी वर्तमान की पीढ़ी बनेगी, जिन्होंने इसके वर्तमान के संघर्ष और विजय को प्रत्यक्ष देखा। विश्व हिन्दू परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता तथा केंद्रीय मंत्री अशोक तिवारी ने कहा कि संपूर्ण विश्व में भारतीय संस्कृति का सूर्योदय हो रहा है। श्रीराम जन्मभूमि का संघर्ष विश्व का सबसे लंबा संघर्ष है। विश्व हिन्दू परिषद का सबसे बड़ा आंदोलन राम मंदिर के निर्माण के लिए ही किया गया, जो 35 वर्ष तक अनवरत चला और लगभग 16 करोड़ रामभक्तों ने इसमें प्रत्यक्ष भाग लिया। उन्होंने अयोध्या के श्रीराम मन्दिर की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को भारत के इतिहास का एक गौरवशाली दिवस एवं देव दीपावली जैसा बताया। इस अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद के प्रांत संगठन मंत्री अजय कुमार, पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद महाराज, मयंक चौहान आदि उपस्थित रहे।



# पर्यटन क्षेत्र में किए गए सभी एमओयू को धरातल पर उतारने के लिए हर संभव प्रयास करें : रतूड़ी

देहरादून(उद संवाददाता)। अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने पर्यटन विभाग को ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के तहत पर्यटन क्षेत्र में किए गए एमओयू की जल्द से जल्द ग्राउडिंग हेतु मिशन मोड पर कार्य करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों को डेडिकेटेड फॉलोअप के साथ ही निवेशकों की सभी समस्याओं के जल्द निराकरण पर विशेष रूप से कार्य करने की नसीहत दी है। सचिवालय में एसीएस श्रीमती राधा रतूड़ी ने उत्तराखण्ड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के तहत विभिन्न कम्पनियों द्वारा पर्यटन विभाग से किए गए लगभग 47000 करोड़ रूपए के एमओयू की ग्राउंडिग की समीक्षा की। उन्होंने विभाग को निर्देश दिए कि एमओयू की ग्राउडिंग के लिए प्रत्येक प्रोजेक्ट के लिए डेडिकेटेड नोडल अधिकारियों को निवेशकों से लगातार फीडबैक लेकर



उनकी धरातल स्तर से शासन के उच्च स्तर तक सहायता हेतु सदैव उपलब्ध रहना होगा। उन्होंने कहा कि पर्यटन क्षेत्र राज्य की आर्थिकी की रीढ़ है, इसके विकास से ही राज्य में स्वरोजगार व रोजगार के मार्ग खुलेंगे और पलायन पर अंकुश लगेंगे। इस क्षेत्र में किया गया प्रत्येक एमओयू अत्यन्त महत्वपूर्ण है तथा सभी एमओयू को धरातल पर उतारने के लिए हर संभव प्रयास किया जाना चाहिए। बैठक में सचिव श्री विनय शंकर पाण्डेय, श्री सचिन कुर्वे, एमडी सिडकुल श्री रोहित मीणा एवं अपर सचिव श्रीमती पूजा गर्ब्याल सहित पर्यटन एवं उद्योग विभाग के उच्च अधिकारी उपस्थित थे।

# जल्द विधानसभा सत्र बुलाकर 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण करेंगे लागू : प्रेमचंद्र अग्रवाल

देहरादून। संसदीय एवं वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि राज्य आंदोलनकारियों को सरकारी नौकरी में 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण के मुद्दे पर चर्चा के लिए जल्द ही विधानसभा सत्र बुलाया जाएगा। जिसमें आरक्षण पर प्रवर समिति की रिपोर्ट पटल पर रखी जाएगी। प्रदेश सरकार शीघ्र ही राज्य आंदोलनकारियों के लिए क्षैतिज आरक्षण लागू करेगी। विधानसभा में उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी संयुक्त मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल ने संसदीय कार्य मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल से मुलाकात की। संयुक्त मोर्चा ने 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण को लेकर प्रवर समिति की रिपोर्ट विधानसभा से शीघ्र लागू करने की मांग की। इस पर मंत्री डॉ. अग्रवाल ने बताया कि जल्द ही विधानसभा सत्र बुला कर सदन में प्रवर समिति की रिपोर्ट पटल पर रखी जाएगी। चर्चा के बाद आरक्षण को लागू किया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि राजकीय सेवाओं में राज्य आंदोलनकारियों को क्षैतिज आरक्षण के लिए प्रवर समिति की रिपोर्ट पर अभी तक अमल नहीं हुआ है। उन्होंने प्रवर समिति की रिपोर्ट को जल्द विधानसभा से पारित कराने की मांग की। मंत्री डॉ. अग्रवाल ने बताया कि जल्द ही धामी सरकार विधानसभा का सत्र बुलाने जा रही है। जिसमें प्रवर समिति की ओर से विधानसभा अध्यक्ष को सौंपी गई रिपोर्ट को रखा जाएगा। प्रवर समिति की ओर से तैयार किया गया ड्राफ्ट राज्य आंदोलनकारियों को समर्पित है। आंदोलनकारियों के प्रति जो भावनाएं है, वह रिपोर्ट में समाहित है। इसका लाभ आंदोलनकारियों को लाभ मिलेगा। प्रतिनिधिमंडल में क्रांति कुकरेती ने बताया कि संसदीय कार्य मंत्री ने विधानसभा सत्र बुला कर जनवरी माह में ही आंदोलनकारी आरक्षण बहाल करने का आश्वासन दिया है। इस मौके पर बाल गोविंद डोभाल, सावित्री पंवार, संगीता रावत, हरदेव रावत, अभिषेक बिष्ट, क्रांति कुकरेती, विजयेश नवानी, अंबुज शर्मा, यशवंत रावत, धर्मेंद्र बिष्ट, वीरेंद्र रावत, भानु रावत, शारदा बहुगुणा, संतन रावत, चक्रपाणि श्रीयाल मौजूद थे।

# निकाय चुनाव में देरी पर शहरी विकास सचिव तलब

नैनीताल(उद संवाददाता)। उत्तराखंड सरकार और राज्य चुनाव आयोग की ओर से अब तक निकाय चुनाव का कार्यक्रम घोषित नहीं किए जाने के मामले में हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी और न्यायमूर्ति विवेक भारती शर्मा की खंडपीठ ने सरकार के जवाब से असंतुष्ट होते हुए शहरी विकास सचिव को मंगलवार नौ जनवरी को कोर्ट में पेश होने के निर्देश दिए हैं। जसपुर निवासी अनीस ने जनहित याचिका दायर कर कहा है कि जसपुर नगर पालिका सहित प्रदेश की नगर पालिकाओं का कार्यकाल दो दिसंबर को समाप्त हो गया है पर सरकार ने अब तक इसकी चुनावी घोषणा तक नहीं की। जबकि सुप्रीम कोर्ट ने किशन सिंह तोमर बनाम केंद्र सरकार मामले में निर्णय देते हुए कहा है कि पालिकाओं के पांच वर्षीय कार्यकाल समाप्त होने से छह माह पहले चुनावी कार्यक्रम घोषित हो जाना चाहिए ताकि नए बोर्ड का गठन तय समय पर हो सके लेकिन सरकार ने अब तक चुनाव कार्यक्रम घोषित नहीं किया है। पूर्व में कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा था कि अभी तक चुनाव प्रक्रिया शुरू क्यों नहीं की गई।

# प्रकाशोत्सव पर हल्द्वानी में निकला महान नगर कीर्तन

## सामाजिक संदेश देती झांकियों ने मोहा मन, जगह जगह हुआ पुष्प वर्षा से स्वागत

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। सिखों के दसवें गुरु साहिब श्री गुरु गोबिंद सिंघ जी महाराज का प्रकाश गुरुपुरब गुरुद्वारा श्री गुरु सिंघ सभा के तत्वाधान में विगत कई दिनों से मनाया जा रहा है। गत दिवस नगर में महान नगर कीर्तन का आयोजन किया गया। नगर कीर्तन प्रात: रामलीला मैदान से शुरू होकर मुख्य मार्ग होते हुए रामलीला मैदान के प्रांगण में पहुँचा। साहिब श्री गुरु ग्रंथ साहिब की अगुवाई में नगर कीर्तन का आरम्भ हुआ। सबसे पहले 2 निशान साहिब, गुरु गोबिंद सिंघ जी की झांकी, नगाड़ा, घुड़सवार, बुलेट बाइक सवार सिख नौजवान, ऊंचे-ऊँचे निशान साहिब लगाकर नगर कीर्तन में शामिल हुए और आकर्षण का केंद्र रहे। उसके बाद गुरु ग्रंथ साहिब की व गुरु गोबिंद सिंघ जी की झांकी , शब्दी जत्थे, समूह गुरद्वारा साहिब की शब्दी जत्थे पुरुष व महलाओ के, श्री गुरु तेग बहादुर स्कूल के छात्र बेंड व छात्रा शब्द कीर्तन एवं पंजाबी लोक संस्कृति का प्रदर्शन कर नगर कीर्तन में चार चाँद लगा दिए। नगर कीर्तन में अनेक झांकियां गुरु गोबिंद सिंघ जी के जीवन एवं उनके द्वारा दिए गए संदेश से परिपूर्ण थी। न केवल गुरबाणी का सन्देश वरन पर्यावरण बचाओ और सामजिक कुरीतियों को दूर करने के संदेश भी झांकियों के माध्यम से दिए गए। नगर कीर्तन जिस तरफ से निकला वहां समूह संगत ने पुष्प वर्षा करते हुऐ स्वागत किया। नगर कीर्तन में जत्थों द्वारा लाउड स्पीकर पर गुरबाणी से पूरा शहर भक्तिमय हो गया। संगत द्वारा शबदी जत्थों के रूप में वाह वाह गोबिंद सिंघ आपे गुर चेला 'सतगुर की सेवा सफल है, और 'चरन चलो मारग गोबिंद' आदि शबदों का गायन किया। सिख संस्थाओं सिख सेवक जत्था, निरवैर खालसा दल, निडर खालसा, दशमेश खालसा दल, अकाल पुरख की फौज, गुर नानक सेवक जत्था आदि संस्था के सदस्यों ने न केवल अलग-अलग झांकिया सजाई अपितु प्रसाद वितरण भी किया। पंजाब बेंड, ऑर्मी बेंड, आजाद बेंड, रहमान बेंड ने भी शब्द, कविताएँ पढ़ कर नगर कीर्तन में शिरकत की। सिख महिलाओ ने भी अलग अलग शब्दि जत्थो के रूप में शब्द गायन करा। अंत मे पांच प्यारे साहिबान के साथ फूलों से सजी सुन्दर पालकी में सिखों के परतख गुरु साहिब श्री गुरु ग्रन्थ साहिब सुशोभित थे। जिनके आगे हजारों की संख्या में संगत ने माथा टेक गुरु साहिब का आशीर्वाद प्राप्त किया। पालकी के आगे झाड़ू सेवा व बाद में अकाल पुरख की फौज द्वारा पुष्प वर्षा करी गई। पालकी के बाद सिख सेवक जत्थे के नौजवान वीर शब्द गायन करते रहे। सबसे आखिर में दशमेश जत्थे राजिंदर नगर के बच्चों ने पूरी सड़क की सफाई करी। नगर कीर्तन के दौरान मार्ग में जगह जगह पानी, मिष्ठान, आदि कई खाने पीने की वस्तुओं के स्टाल लगाए गए थे। रामलीला मैदान में स. हरजीत सिंघ कोहली परिवार, चौधरी परिवार आवास विकास, ट्रांसपोर्ट नगर एसोसिएशन, गोजाजली गुरुद्वारा साहिब व अन्य द्वारा तरह तरह के प्रसाद के स्टाल लगाए गये। नगर कीर्तन वापिस रामलीला ग्राउंड में पहुचने पर खालसा स्कूल के बच्चों द्वारा निशान साहिब का गीत पढ़ने के पश्चात पांच प्यारो द्वारा निशान साहिब झुलाए गए। भाई अमरीक सिंघ ने अरदास करी। सभी पांच प्यारो, सेवादारों, को मुख सेवादार रंजीत सिंघ, नगर कीर्तन इंचार्ज नरेंद्रजीत सिंघ रोडू, व कमेटी मेंबर ने शाल भेंट की। अंत मे निडर खालसा ने गतके के स्टेज पर जौहर दिखाए। गुरद्वारा सिंघ सभा की समूह कमेटी की और से सभी हल्द्वानी के गुरद्वारा साहिब की कमेटियों का, सहयोगी संस्थाओ का, सेवादारो का, खालसा गर्ल्स इंटर कॉलेज एवं श्री गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल का धन्यवाद किया गया। सभी सेवादारो जिन्होंने इस नगर कीर्तन में सेवा निभाई उनका भी धन्यवाद किया गया। नगर निगम, समस्त पुलिस प्रशाशन, ट्रैफिक पुलिस कर्मियों, रामलीला कमेटी का गुरद्वारा सिंघ सभा प्रबंधन कमेटी की तरफ से धन्यवाद किया गया। नगर कीर्तन में मंत्री अजय भट्ट, विधायक सुमित ह्रदेश, रेणु अधिकारी, मान सिंघ ग्रोवर, बलजीत सिंघ, एसपी सिटी हरबंस सिंघ, एसजीपीसी अमृतसर के उत्तराखंड मेंबर प्रताप सिंघ सिधु, आदि गणमान्य व्यक्तियों ने हाजरी भरी। सभी का गुरद्वारा कमेटी की तरफ से धन्यवाद किया गया। नगर कीर्तन में मंच पर गुरद्वारा सिंघ सभा के अध्यक्ष रंजीत सिंघ, सभी गुरुद्वारा साहिब के अध्यक्ष, पूर्व अध्यक्ष अमरजीत सिंघ सेठी, नगर कीर्तन इंचार्ज नरेंद्रजीत सिंघ रोडू, महामंत्री जगजीत सिंघ, कैशियर रविंदरपाल सिंघ, तजिंदर सिंघ, बिल्डिंग इंचार्ज बलविंदर सिंघ, कमेटी मेंबर अमनपाल सिंघ पिंडी, जगमोहन सिंघ राजू,नगर कीर्तन इंचार्ज परमजीत सिंघ शण्टी, हरजीत सिंघ सच्चर, परविन्दर सिंघ प्रिंस, रिकी मिडास, जगमीत सिंघ मिती, प्रदीप सबरवाल , मनप्रीत सिंघ, डिम्पल, नरेन्द्र सिंघ भसीन, जसपाल सिंघ चंडोक, आदि उपस्थित रहे।







# डीएम ने लिया सरस मेले की तैयारियों का जायजा

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने बुधवार को आगामी 10 जनवरी से 20 जनवरी तक गांधी पार्क में आयोजित होने वाले सरस मेलें की तैयारियों के मद्देनजर किये जा रहे कार्यो का स्थलीय निरीक्षण कर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। जिलाधिकारी कहा कि आगामी 10 जनवरी को मा0 मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी का सरस मेले का उद्घाटन हेतु कार्यक्रम भी प्रस्तावित इसके दृष्टिगत सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय दुरूस्थ कर लें। उन्होने यूआईआरडी प्रांगण में अस्थाई हेलीपैड बनाये जाने के दृष्टिगत स्थलीय निरीक्षण कर लोनिवि के अधिकारियों को निर्धारित मानकानुसार हेलीपैड तैयार करने के निर्देश दिये। उन्होंने नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल को निर्देश दिए कि गांधी पार्क में नगर निगम द्वारा कराये जा रहे कार्यों में तेजी लाते हुये शीघ्र पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि भविष्य के लिए भी पार्क की सुंदरता का ध्यान रखते हुए गुणवत्ता के साथ कार्य करें। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि कार्यक्रम स्थल पर लैंडस्केपिंग, बेरिकेडिंग विशेष ध्यान रखते हुए कार्य शीघ्र पूर्ण करें जिससे व्यवस्थाएं दुरुस्त रहे। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम पर मंच एवं जनता को बैठने के लिये उचित व्यवस्था हो इसका विशेष ध्यान रखे। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोति करने लिए मंच के पास ही व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने कार्यक्रम में आने वाले आमजन के लिए वाहनों की पार्किंग हेतु सिंचाई विभाग के कैनाल कॉलोनी में भूमि को चिन्हित कर वहां साफ सफाई के लिए तेजी से कार्य पूर्ण करने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने एनएचएआई के परियोजना निदेशक विकास मित्तल को निर्देश देते हुए कहा कि डीडी चौक से इन्द्रा चौक तक हाइवे मार्ग के दोनों तरफ समतलीकरण कर मार्ग को दुरुस्त करना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि मा0 मुख्यमंत्री द्वारा गांधी पार्क से होते हुये इन्द्रा चौक, गल्ला मंडी, भगत सिंह चौक एवं मुख्य बजार से गांधी पार्क तक रैली का कार्यक्रम भी प्रस्तावित है। उन्होने लोनिवि के अधिकारियों को निर्देश दिये कि गल्ला मंडी जिन स्थानों पर सड़क व डिवाइडर टूटी व खराब है उसे शीघ्र दुरूस्थ कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने विद्युत व बीएसएनएल के अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिन मार्गो से रैली का आयोजन किया जायेगा उन मार्गो के बिजली एवं टेलीफोन के झूलते हुये तार को शीघ्र ठीक कर लें। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी, मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, पीडी एनएचएआई विकास मित्तल, अपर पुलिस अधीक्षक चन्द्रशेखर घोड़के, मनोज कत्याल, उपजिला अधिकारी मनीष बिष्ट, नगर आयुक्त नरेश चन्द्र दुर्गापाल, सीओ अनुषा बडोला, तहसीलदार दिनेश कुटोला आदि मौजूद थे।



# पुराने व्यापारियों को उजाड़ने का किया विरोध

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नगर में रोड चौड़ीकरण के नाम पर यदि पुराने व्यापारियों को उजाड़ने का प्रयास किया गया तो देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल इसका कड़ा विरोध करेगा। , देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल ने नगर मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह को ज्ञापन देकर कहा कि पुराने वैध दुकानदारों को रोड चौड़ी करण के नाम पर उजड़ा गया तो इसका पुरजोर विरोध होगा। संगठन के संस्थापक अध्यक्ष हुकम सिंह कुंवर की अगुवाई में दिए गए ज्ञापन में कहा गया है व्यापारियों के वैध दुकानों को रोड चौड़ी करण के नाम पर न तोड़ा जाय। हमारा संगठन अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कार्यवाही का विरोध नही करता है। पर वैध दुकानों को तोड़ने का पक्षधर भी नही रहता। उन्होंने उच्च अधिकारियों से बात की है एक दो दिन में व्यापारियों के साथ बैठक कर आगे की रणनीति पर विचार होगा। ज्ञापन देने वालों में प्रदेश प्रभारी जगमोहन चिलवाल, प्रदेश महामंत्री राजकुमार केसरवानी, महानगर अध्यक्ष अजय कृष्ण गोयल, महामंत्री नेत्र बल्लभ जोशी, अतुल गुप्ता, कार्तिक दास, मनोज गुप्ता, राकेश वर्मा, अमित बुधलाकोटी, हेमंत साहू आदि शामिल थे।



# कबड्डी में उधम सिंह नगर की टीम चैंपियन

बाजपुर( उद संवाददाता)। बड़कोट उत्तरकाशी में आयोजित राज्य स्तरीय सब जूनियर कबड्डी प्रतियोगिता के फाइनल में जनपद ऊधमसिंह नगर की टीम ने देहरादून को 28-22 से हराकर चैंपियनशिप पर चौथी बार अपना कब्जा बरकरार रखा। बुधवार को श्री गुरुद्वारा सिंह सभा में कबड्डी संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष मेजर सिंह संधू की अगुवाई में टीम का स्वागत किया गया। कबड्डी कोच गौरव उपाध्याय ने बताया कि ऊधम सिंह नगर सब जूनियर बालक वर्ग की टीम लगातार चार वर्ष चौंपियन रही है। टीम में राहुल बोहरा, दीपांकर मंडल, किशोर मंडल, अंग्रेज सिंह, पंकज बिष्ट, पुष्कर, अखिलेश, ऋषभ गिरी, अनिल, प्रज्जवल, राहुल सागर, भावेश शामिल रहे। टीम में शामिल चार खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीयस्तर की प्रतियोगिता के लिए हुआ है। प्रतियोगिता में जनपद ऊधम सिंह नगर सहित 12 जनपदों की टीमों ने प्रतिभाग किया था। इस मौके पर भाजपा किसान मोर्चा के जिला महामंत्री गोल्डी सूरी, श्री गुरुद्वारा सिंह सभा बाजपुर के प्रबंधक बलविन्दर सिंह, हरदयाल सिंह, हिमांशु रावत आदि मौजूद रहे।





# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## 'हिट एंड रन' की सजा

सरकार के आश्वासन के बाद देश भर में ट्रक चालकों की हड़ताल के बाद उपजी मुश्किल शायद फिलहाल खत्म हो जाए, मगर इससे एक बार फिर यह साफ हुआ है कि व्यापक असर वाले किसी कानून को लागू करने से पहले उससे प्रभावित पक्षों के साथ राय-मशविरा करना एक जरूरी पहलू होना चाहिए। गौरतलब है कि 'हिट एंड रन' यानी हादसे के बाद वाहन चालक के भाग जाने के मामलों में नए कानून के तहत सख्त प्रावधानों के खिलाफ ट्रक, टैक्सी और बस संचालकों के संगठनों ने देश भर में हड़ताल शुरू कर दी थी। इसके बाद न केवल सामान्य आवाजाही पर बुरी तरह असर पड़ा, बल्कि आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति भी बाधित होनी शुरू हो गई, दो हजार से ज्यादा पेट्रोल पंप ठप पड़ गए। जाहिर है, इसका सीधा असर जनजीवन पर पड़ना शुरू हो गया और आम लोगों की रोजमर्रा की जरूरत की वस्तुओं की कमी हुई और उनकी कीमतें चढ़नी शुरू हो गई। यह स्थिति शायद जल्दबाजी में लिए एक ऐसे निर्णय की वजह से पैदा हुई, जिसका असर व्यवहार में कुछ कसौटियों पर सवालों के घेरे में माना जा रहा है। दरअसल, 'हिट एंड रन' के मामले में अब तक भारतीय दंड संहिता में कोई विशेष प्रावधान नहीं था और जानलेवा हादसों के बाद लापरवाही के कारण मौत की धाराओं के तहत ही कार्रवाई होती थी, जिसमें दो वर्ष तक की जेल की सजा तय की गई थी। ज्यादातर मामलों में चालक को जमानत भी मिल जाती थी। मगर नए कानून के मुताबिक, कोई भी चालक अगर तेज और लापरवाही से वाहन चला कर किसी व्यक्ति की मौत का कारण बनता है और मौके से भाग जाता है तो उसके लिए उसे दस वर्ष की जेल होगी और सात लाख रुपए जुर्माना देना होगा। देश में व्यावसायिक वाहनों और खासतौर पर ट्रक चालकों के रोजगार, पारिश्रमिक और काम की जो स्थितियां रही हैं, उसमें उनके बीच यह खौफ फैला कि नया कानून लागू होने के बाद उनके लिए सड़क पर सहज होकर चलना मुश्किल हो जाएगा। उनका मानना यह है कि कई बार हादसों में उनकी गलती नहीं होती है, लेकिन नया कानून लागू हुआ तो दुर्घटना के बाद आम लोगों की उग्र प्रतिक्रिया से लेकर कानूनी प्रावधान तक उनके जीवन के लिए बड़ा आघात साबित होगा। इसी आशंका की वजह से व्यावसायिक वाहन चालकों के बीच व्यापक विरोध पैदा हुआ। हालांकि नए कानून में इस प्रावधान को लाने के पीछे सरकार ने अपनी यही मंशा जाहिर की कि अब तक हादसों के बाद भाग जाने की प्रवृत्ति रही है और इस क्रम में कई दोषी या तो बच जाते थे या पकड़े जाने पर उन्हें मामूली सजा मिलती थी। सड़कों पर बेलगाम वाहन चलाने और उसकी वजह से होने वाले हादसों पर काबू पाने के लिहाज से इसे एक सख्त पहल कहा जा सकता है। मगर इसका एक पहलू यह भी है कि देश में सड़कों से लेकर यातायात की स्थिति और नियम-कायदों का पालन करने के प्रति गंभीरता की जो तस्वीर रही है, वह हादसों की जिम्मेदारी को जटिल बना देती है। इसलिए इससे संबंधित कानूनी प्रावधानों से प्रभावित लोगों के बीच सवाल उठना लाजिमी है। व्यापक दायरे और प्रभावित वर्गों के साथ विचार-विमर्श के बिना किसी कानून को लागू करने और उस पर रोक की असुविधाजनक स्थिति इससे पहले कृषि कानूनों को वापस लेने के समय भी देखी गई थी। ट्रकों की हड़ताल से उपजे हालात के बाद सरकार ने कानून को लागू करने से पहले संबंधित पक्षों से राय-मशविरा करने का आश्वासन दिया, लेकिन अगर यह काम पहले कर लिया गया होता तो शायद देश भर में अफरातफरी पैदा नहीं होती।

## राज्य में शीतलहर के प्रकोप से बचाव के लिए 10 -10 लाख रुपए स्वीकृत

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु की अध्यक्षता में आज सचिवालय में राज्य आपदा मोचन निधि एवं राज्य आपदा न्यूनीकरण निधि के प्रस्तावों के अनुमोदन हेतु राज्य कार्यकारिणी समिति की बैठक आयोजित हुई। इस दौरान मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समिति में प्रस्तावों के लाने से पूर्व जिला स्तरीय एवं राज्य स्तरीय मूल्यांकन समिति द्वारा प्रस्तावों की



जांच अनिवार्य रूप से करा ली जाए। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर विभिन्न जनपदों द्वारा प्रस्तावों की स्वीकृति के लिए अलग-अलग प्रक्रियाएं अपनाई जा रही है। शीतलहर को देखते हुए मुख्य सचिव ने जनपदों द्वारा आवश्यकता के अनुसार अतिरिक्त धनराशि के प्रस्ताव शासन को शीघ्र प्रेषित किए जाने के निर्देश दिए हैं।मुख्य सचिव की अध्यक्षता में आयोजित समिति की बैठक में वित्तीय वर्ष 2023-24 में राज्य में शीतलहर के प्रकोप से बचाव के लिए जनपद पौड़ी के लिए 15 लाख रुपए सहित बाकी 12 जनपदों को 10 -10 लाख रुपए (कुल 135 लाख) आवंटित कर कार्योत्तर स्वीकृति सहित विभिन्न प्रस्तावों को स्वीकृति दी गई। इस अवसर पर सचिव श्री रंजीत कुमार सिन्हा, वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जनपदों से जिलाधिकारी सहित शासन से अन्य वरिष्ठ उच्चाधिकारी उपस्थित थे।

## उत्तराखंड में भव्य होंगे राम लला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह

देहरादून। भाजपा उत्तराखंड में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को दिव्य और भव्य ढंग से मनाएगी। नई दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने समारोह की श्रृंखला के लिए बनाए गए प्रदेश के संयोजकों की बैठक में निर्देश दिए। बैठक से लौटे पार्टी के प्रदेश महामंत्री खिलेंद्र चौधरी जो इस कार्यक्रम की समिति के प्रदेश संयोजक हैं, ने कहा कि अब पार्टी का हर कार्यकर्ता और पदाधिकारी पूरी ऊर्जा के साथ तय कार्यक्रमों में जुट जाएगा। उन्होंने कहा कि 15 जनवरी तक घर-घर अक्षत पहुंचाने का अभियान पूरा होगा। इसके बाद प्रदेश के मंदिरों को सजाने-संवारने का काम होगा। इस कार्यक्रम के लिए प्रदेश के सभी मंदिरों की सूची बनाई गई है, जिसके लिए कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी तय की जाएगी। सूत्रों के मुताबिक, 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के मुख्य समारोह वाले दिन हर मंदिर परिसर में सीधे प्रसारण की व्यवस्था होगी। सभी राम भक्तों से अपने-अपने घरों के मंदिरों में दीपक जलाने, घरों में प्रकाश करने जैसे कार्य करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। नई दिल्ली की बैठक में कार्यक्रम के सह संयोजक सीता राम भट्ट, डॉ. जयपाल सिंह और यूएस नगर के राजेश कुमार ने भी हिस्सा लिया।

# मैं अयोध्या जरूर जाऊंगा!

**मर्यादा पुरुषोत्तम राम राज्य को सर्वोच्च लोकतंत्र माना गया: प्रभु, करोड़ों हाथ आपकी तरफ जुड़े हुए हैं, क्योंकि हमारा मानना है आपका मंदिर तो दिल में था, अब वह मंदिर अयोध्या में भी स्थापित हो चुका है। ( आलेख साभार: श्री हरीश रावत , वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री , उत्तराखंड की फैसबुक पोस्ट से संकलित है )।**



**राजा रामचंद्र की जै..!** कल रात मुझे ऐसा लगा जैसे प्रभु श्री राजा राम मेरे सिरहाने बैठे हैं और मुझसे कह रहे हैं कि अयोध्या में मेरे रामलला विराजमान विग्रह के दर्शन करने जरुर पहुंचना। मैंने उनसे कहा कि भगवन मेरी भी हार्दिक इच्छा है, जब माननीय सुप्रीम कोर्ट ने अपना ऐतिहासिक निर्णय दिया तो मैंने उत्साहित भाव से कहा कि मैं भी अयोध्या जाऊंगा और मैं अयोध्या जाना चाहता हूं, कब



उपयुक्त रहेगा ! उन्होंने कहा रामनवमी के आस-पास कभी वहां दर्शन के लिए जरूर जाओ और मैं अचकचाकर के उठ कर बैठ गया और मेरे मन में कई तरीके के भाव व प्रसंग उमड़-घुमड़ कर आगे आने लगे। मैंने अपने उद्वेलित मन को समझाया और कहा कि अब तो अयोध्या जाना है, हमारे आराध्य देव का आदेश हो चुका है, इस आदेश के साथ मैं उन करोड़ों भारतवासियों की भावना का हिस्सा बनूंगा जो अपने आराध्य के मूर्ति रूप में अयोध्या में दर्शन करेंगे। मैं मूर्ति रूप इसलिये कह रहा हूं राम, भारत के लोगों के दिल में हमेशा-हमेशा वास करते हैं। प्रत्येक भारतवासी के दिल में मर्यादा पुरुषोत्तम न्याय के न्याय कारी, कल्याणकारी राजा के रूप में वास करते हैं और इसमें धर्म, क्षेत्र, जाति का बंधन नहीं है, गरीब-अमीर का भी बंधन नहीं है। अमीर जरा अपने उत्साह को दिखा सकता है और गरीब दिल में अपने उत्साह को रखता है, मगर मर्यादा पुरुषोत्तम श्री रामचंद्र जी सबके दिलों में वास करते हैं। हिंदू और मुसलमान, सिख, जैन, बौद्ध, इसाई आदि अपने-अपने तरीके से राजा श्री रामचंद्र जी में आस्था रखते हैं। मुसलमान भी उनको अपना पूर्वज मानते हैं। मैं ऐसे बहुत सारे मुसलमान भाइयों को जानता हूं जो रघुवंशियों के साथ अपनी वंशावली को जोड़ते हैं। क्योंकि मैं भी रघुवंशी वंशावली से हूं, इसीलिये हम राम के बजाय राजा रामचंद्र की जय कहते हैं, तो वह लोग भी राजा रामचंद्र की जय कहते हैं, क्योंकि वह उनको अपने कुल के एक महान आराध्य पुरुष राजा के रूप में देखते हैं। इसी भावना से प्रेरित होकर बाद में राह भटक गये अल्लामा इकबाल ने कहा था कि राम इमामे हिंद हैं। यदि आज हम विशुद्ध रूप से राम मय भावना से विश्लेषण करें तो देश के अंदर राम एक ऐसा आधार स्तंभ प्रदान करते हैं जिन पर सबका भरोसा है, हमें इस भरोसे को बढ़ाना चाहिए, न कि अपने राजनीतिक स्वार्थों के लिए भटकाव पैदा करना चाहिए। किसी की भी कोशिश, इस भरोसे को कमजोर करने की नहीं होनी चाहिए। कितना अच्छा हो कि हम उनको अपनी सामुहिक समझ और सोच का स्तंभ मान लें। राजनीति दलगत होती है, क्योंकि संसदीय प्रणाली में दल ही संसद और सरकार बनाते हैं। हम यदि दलगत राजनीति में राम को लपेटने की कोशिश करेंगे तो हम उनके उस सर्वग्राही मूर्ति वाणी विग्रह के साथ अन्याय करेंगे। हमारी श्रद्धा दिखावा हो जायेगी। यदि हमारी श्रद्धा वास्तविक है तो हमको राम को अपने स्वाभाविक रूप में लोगों को स्मरण करने देना चाहिए। 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में रामलला विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा होगी। यूं तो राम सबके प्राण हैं, मगर संस्कारिकता/सांसारिकता का तकाजा है कि श्री राम की बाल विग्रह मूर्ति में भी प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन होगा, यह हमारे सनातन परंपरा का हिस्सा है। मैं इस अवसर को भी प्रणाम करता हूं, नमन करता हूं और जब अयोध्या में भीड़भाड़ की स्थिति सामान्य होने लगेगी तो राजा रामचंद्र जी के आदेशानुसार उनके दर्शनों के लिए मैं अयोध्या जरूर जाऊंगा। अंत भला सो भला, अयोध्या जो मर्यादा पुरुषोत्तम राम की जन्मस्थली है, वहां उनका मंदिर बने यह सनातन आकांक्षा रही है। आक्रांताओं का स्वभाव रहा है कि उन्होंने जन विश्वास को तोड़ने के लिए मंदिरों व पूजा स्थलों को अपना निशाना बनाया। बाबर और उनके साथ आए हुए लोग भी आक्रांता थे। जब तक आक्रांता स्वभाव रहा मंदिर बनाने के लिए जो लोग भी आगे आए उनको अपने बलिदान से रामाभिषेक करना पड़ा, हजारों लोगों ने उस कालखंड में अपना बलिदान दिया, मैं उनके त्याग को प्रणाम करता हूं। बाबर के पौत्र अकबर ने इस स्थिति को थामा और वहां उस जन्म स्थल पर छोटा मंदिर बनाने की अनुमति दी। दुर्भाग्य से अकबर के प्रपौत्र औरंगजेब ने फिर से मंदिरों का खंडन प्रारंभ किया और उसके साथ ही मुगल साम्राज्य के पतन की नींव की शुरूआत हो गई, सम्राट वही है जो सबका विश्वास जीतेगा। औरंगजेब ने उस विश्वास को खंडित किया और मूल्य, मुगल साम्राज्य को चुकाना पड़ा। यह ऐतिहासिक तथ्य है कि आजादी के बाद निरंतर प्रयास हुए कि इस मामले व प्रसंग को किसी तरीके से सुलझा लिया जाए। आखिर जिन्होंने इस इमारत में मूर्ति रखने की इजाजत दी होगी, वह भी तो कोई लोग ही होंगे, उनकी भी तो कुछ समझ रही होगी! विवाद बढ़ता हुआ देखकर ताला लगा, फिर ताला खुलवाया गया। फिर भू आवंटन कर शिलान्यास करवाया गया। राम राज्य के उद्घोषणा की घोषणा भी हुई तो कहीं न कहीं इन सबमें श्री राम प्रति कोई श्रद्धा का भाव तो रहा ही होगा। समय का चक्र मर्यादा सूचक होता है और मर्यादा पुरुषोत्तम राम के मंदिर का निर्माण विवाद व क्लेश से नहीं होना चाहिए, इसे समय ने सुनिश्चित किया। मंदिर का निर्माण मर्यादा के अंतर्गत होना चाहिए और इसीलिये समय चक्र ने सुप्रीम कोर्ट को आगे किया और माननीय सुप्रीम कोर्ट ने ऐतिहासिक सर्वसम्मत निर्णय दिया, उस ऐतिहासिक निर्णय के साथ केवल हिंदुओं का नहीं बल्कि 140 करोड़ से ज्यादा भारत वासियों के आस्था का मंदिर बना। हमें इस तथ्य को स्वीकार करना पड़ेगा कि मंदिर तो उस दिन ही बन गया जिस दिन सुप्रीम कोर्ट का निर्णय आया और उस निर्णय को हिंदू, मुसलमान, सिख, इसाई, बौद्ध आदि सबने स्वागत किया, सारे भारत ने स्वागत किया और विशेष तौर पर मुस्लिम भाइयों ने आगे बढ़कर कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निर्णय हमको स्वीकार्य हैं। विवाद की हल्की दिशा ने मुस्लिम भाइयों की यह भावना बहुत महत्वपूर्ण अर्थ रखती है, उन्होंने राम को मर्यादा का आराध्य माना और अब मर्यादा क्या कहती है इसका निर्धारण आज की सरकार को करना है। हम उस भावना के साथ हैं जिस भावना से वशीभूत होकर सारे हिन्दुस्तान ने सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का अभिनंदन किया। कुछ अनर्गल स्वर हिंदुस्तान का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं, उनकी तरफ ध्यान देकर हम अपना ही अनहित करेंगे। मेरी प्रभु राम से प्रार्थना है कि प्रभु भटके हुए लोगों को तो सन्मति दो ही दो, मगर जो लोग बढ़ चढ़कर अपने आपको आपका भक्त सिद्ध करने में लगे हुए हैं, चुनाव के विषाद को नजदीक देखकर आपको फिर से चुनाव का मुद्दा बनाना चाह रहे हैं, उनको भी सद्बुद्धि दीजिए। आप राजा हैं, आपको भक्त व प्रशंसक में अंतर नहीं करना पड़ेगा, कुछ लोग अपनी पूरी सामर्थ्य लगाकर अपने को एक मात्र प्रशंसक सिद्ध करने में लगे हुए हैं। भक्त तो आपके वह भी हैं जो इस बात की घोषणा कर रहे हैं जब प्रभु का बुलावा आएगा तो हम दर्शनों के लिए जाएंगे। भक्त वह भी हैं जो अपनी साधनहीनता के कारण अयोध्या नहीं पहुंच पाएंगे, मगर आप तो सबरी के राम हो, आप तो केवट के भी सखाराम हो, आप हनुमान की भी राम हो, आप विभीषण के भी राम हो, आप तो घट-घट वासी राम हो, उन साधनहीन भक्तों का प्रणाम स्वीकार करिए और उन भक्तों का भी प्रणाम स्वीकार करिए, जो अन्यान्य कारणों से अयोध्या नहीं पहुंच पाएंगे। दुनिया आपको मर्यादा पुरुषोत्तम के रूप में अपने हृदय में पूजती है। भारत ने आपकी प्रेरणा से रघुपति राघव राजा राम के समूहगान के साथ आजादी प्राप्त की और उस कालखंड के आपके भक्तों ने एक सामुहिक मर्यादा ग्रंथ संविधान के रूप में अंगीकार किया। आज संवैधानिक मर्यादाएं राजनीतिक स्वार्थों के लिए टूट रही हैं, जो संस्थाएं लोकतंत्र की रक्षा के लिए खड़ी की गई आज उन संस्थाओं को सत्ता की चाबुक बनाया जा रहा है। तकनीक और धन, सत्ता, तीनों शक्तियों का उपयोग कर स्वस्थ लोकतांत्रिक परम्परा का रोज चीर हरण हो रहा है। जिन संकल्पों और मर्यादाओं के नाम पर हमारे बुजुर्गों ने एक स्वर से संविधान अंगिकार किया, आज उसकी व्याख्याएं बदली जा रही हैं। प्रचार तंत्रों के हर स्तर का इस्तेमाल इस कार्य के लिए किया जा रहा है। प्रभु, करोड़ों हाथ आपकी तरफ जुड़े हुए हैं, क्योंकि हमारा मानना है आपका मंदिर तो दिल में था, अब वह मंदिर अयोध्या में भी स्थापित हो चुका है, उसी दिन स्थापित हो चुका है जिस दिन संविधान के व्याख्याकार सुप्रीम कोर्ट का निर्णय आया। हमारे जुड़े हुये हाथ आपसे प्रार्थना कर रहे हैं कि आप तो न्याय के देवता है, न्याय करिए। हम किसी के लिए दंड की कामना नहीं कर रहे हैं क्योंकि क्षमाशीलता के आप मूर्तिमान स्वरूप हैं। क्षमा तो आप उनको भी करेंगे जो आपके नाम पर अपने स्वार्थों की राजनीति कर रहे हैं। मगर न्याय तो आपको करना पड़ेगा, रास्ता भी आप ही को दिखाना पड़ेगा। कहीं ऐसा न हो कि जो सृष्टि का रचयिता है, जिसने मर्यादा की रक्षा के लिए मर्यादा पुरुषोत्तम के रूप में मानव स्वरूप ग्रहण किया है, कुछ लोग अपने अहंकार में उसके भी रचनाकार बन जाएं। सृष्टि के रचनाकार के रचनाकार होने का दम भरने वाले लोगों को भी तो सही मर्यादित रास्ता भी आप ही बताएंगे, उनकी आंखों पर हुये स्वार्थ के पर्दे को भी तो आप ही हटाएंगे। आपके राज्य को एक ऐसे राज्य के रूप में पहचाना जाता था जहां बाघ और बकरी भी एक ही घाट पर पानी पीते थे। ऊंच-नीच, गरीब-अमीर की भावना का कहीं लेश मात्र नहीं था। व्यक्ति अपने राजा पर भी टिप्पणी कर सकता था और राजा उसके विश्वास में खरा उतरने के लिए किसी सीमा तक भी तत्पर रहता था। लोग निर्भीकता से अपनी बात कहते थे, इसीलिये राम राज्य को सर्वोच्च लोकतंत्र माना गया है। आज भारत में स्थितियां पूर्णत: भिन्न हैं। सत्ता ही सत्य है, विपक्ष धर्म न होकर कर्म का फल बताया जा रहा है। राम राज्य में प्रत्येक व्यक्ति अपनी क्षमता भर काम पाता था और करता था, प्रत्येक नागरिक खुश था, आज आशंका ही आशंका है। बेरोजगारी और भ्रष्टाचार निरंतर बढ़ रहे हैं। महिलाएं और दलित, अत्याचार का शिकार हो रहे हैं। नौजवान कुंठित है, गरीब और गरीब हो रहा है। देश की पूंजी का 70 प्रतिशत से ज्यादा हिस्सा, 10 प्रतिशत लोगों के हाथ में सीमित हो रहा है। अशांति, असहिष्णुता, हमारे जनजीवन का स्थाई भाव बनते जा रहा है। आज की मर्यादा की नियामक संसद एक ध्रुवीय होती जा रही है, न्यायिक व्यवस्था अपने बोझ से ढकी-ढकी दिखाई दे रही है। जिन नियामक संस्थाओं को संसद ने लोकतंत्र की रक्षा के लिए खड़ा किया वो संस्थाएं सत्ता की हाथ की मशीन बनकर रह गई हैं। अन्न दाता किसान और राष्ट्र निर्माता मजदूर अपने अधिकारों की लड़ाई लड़ते-लड़ते खो से गये हैं। यह स्थिति आपके मंदिर की स्थापना के उल्लास के क्षणों में चिंता की रेखाओं की तरीके से कौंध रही हैं। संघीय व्यवस्था की बुनियादें चरमरा रही हैं। अशांत दुनिया में आपका ही स्वरूप शांति दाता के रूप में मार्ग प्रदर्शन करेगा, यह हमारा विश्वास हैं। शेष अर्जी लगाने अयोध्या आऊंगा। ।। बोलिए सिया बलरामचंद्र की जय।।

# ग्रामीणों को दी विभागीय योजनाओं की जानकारी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जनपद उधम सिंह नगर में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम विकासखंड खटीमा की ग्राम पंचायत खिलाड़िया एवं सिसैया में आयोजित किया गया। उक्त आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न सरकारी लाभपरक योजनाओं के प्रचार प्रसार लक्षित लाभार्थियों तक समयबद्ध रूप से पहुंचाने हेतु एवं उन कमजोर लोगों तक पहुंचने जो विभिन्न योजनाओं के तहत पात्र हैं लेकिन अभी तक लाभ नहीं उठा पा रहे हैं तथा योजनाओं के बारे में जानकारी का प्रसार और जागरूकता पैदा करने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों/ अधिकारीगण/ ग्रामीणों द्वारा हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ ली गई। साथ ही कार्यक्रम के अंतर्गत उपस्थित जन समूह को समस्त विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित जानकारी प्रदान की गई तथा प्ब्प्रचार वाहन के माध्यम से योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार भी किया गया तथा एनआरएलएम महिलाओं द्वारा सांस्कृतिक गीत गायन एवं रंगारंग प्रस्तुति दी गई।ग्राम सभा में विकसित भारत संकल्प यात्रा बहुउद्देशीय शिविर में ग्राम प्रधान उपस्थित रहे। कार्यक्रम अंतर्गत उद्यान विभाग, महिला सशक्तिकरण विभाग, कृषि विभाग द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई। ग्राम पंचायत खिलाड़िया एवं सिसैया खटीमा में श्री शेषपाल प्रधानमंत्री आवास योजना एवं श्रीमती आरती प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना श्री रामविलास मनरेगा से पशु चारा नाद द्वारा के तहत मिले लाभ से अपने सुखद अनुभव को मेरी कहानी मेरी जुबानी के अंतर्गत विभिन्न योजनाओं से मिले लाभ से लाभान्वित होने की शिकार अनुभव को ग्रामीणों के मध्य कर केंद्र सरकार में राज्य सरकार को धन्यवाद किया गया एवं उपस्थित ग्रामीणों को उन योजनाओं से लाभान्वित होने के लिए प्रेरित किया गया तथा उपस्थित ग्रामीणों को पंपलेट बुकलेट का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम अंतर्गत समस्त ग्राम पंचायतों में लाभार्थियों को अपने प्रक्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट कार्य हेतु सम्मानित भी किया गया।मुख्यमंत्री महालक्ष्मी किट का वितरण किया गया। उक्त आयोजित कार्यक्रमों में विभिन्न विभागों द्वारा विभागीय स्टॉल लगाए गए । उक्त कार्यक्रमों में स्वास्थ्य शिविर भी आयोजित किए गए। कार्यक्रमों के उपरांत कृषि ड्रोन के माध्यम से कीटनाशक का छिड़काव का प्रदर्शन भी किया गया।

# बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर दूसरे दिन भी धरना

गदरपुर(उद संवाददाता)। सालों बीत जाने के बाद भी स्वास्थ्य विभाग के अच्छे दिन आते दिखाई नही दे रहे हैं। लोगों की तबीयत दुरुस्त करने वाले स्वास्थ्य विभाग की स्वयं तबीयत सही होने का नाम नही ले रही है, यह बात आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष सुभाष व्यापारी ने धरना प्रदर्शन के दौरान कही। आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष सुभाष व्यापारी के नेतृत्व में गदरपुर विधानसभा के अन्तर्गत स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिये आज दूसरे दिन गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गदरपुर के बाहर पार्टी के कार्यकर्ताओं सहित साकेतिक धरना प्रदर्शन कर स्वास्थ्य सेवाओं के अन्तर्गत 06 सूत्रीय मांगों को पूरा करने की मांग की है। कहा कि अस्पताल में प्रतिदिन काफी संख्या में मरीज आते है, डॉक्टरों व मशीनों की कमी के कारण की वजह से उन्हें पर्याप्त इलाज नही मिल पाता है, जिसके कारण कभी कभी मरीजों को बाहर के निजी अस्पतालों में उन्हें इलाज करवाना पड़ता है, इतना ही नहीं कई बार तो अस्पताल में मशीनों व डाक्टरों की कमी से रेफर करते हुए मरीज रास्ते में ही दम तोड़ देते लोगों को कम कीमत पर अच्छी दवा प्राप्त हो सके। सुभाष व्यापारी ने कहा कि प्रस्तावित ब्लड बैंक को जल्द से जल्द खोला जायें, जिससे रक्त के लिये लोगों को एक शहर से दूसरे शहर में न



हैं, ऐसे में जहां एक ओर मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, वहीं दूसरी ओर उनकी जेबें भी ढीली हो रही हैं। स्वास्थ्य सेवायें बिल्कुल ठप दिखती दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा कि जन औषधि केन्द्रों को खोला जायें, जिससे गरीब वर्ग के साथ हर वर्ग के जाना पड़े। धरना देने वालों में शोएब, मौ. शालीम, राजीव, ताहिर, रिहासत, नजाकत, शकील अहमद्, हिमांशु कुमार, मौ. शालीम, अजायब सिंह, विराज, सुशील भक्त, राधवेन्द्र सिंह, चेतन काण्डपाल, नजीम अहमद सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# गैस गोदाम लिंक मार्ग का सुधार नहीं होने पर होगा आंदोलन: बिट्टू

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। अल्मोड़ा गैस गोदाम लिंक मार्ग की स्थिति सालों बाद भी नहीं सुधरने पर पूर्व दर्जामंत्री बिट्टू कर्नाटक ने गहरा रोष व्यक्त किया है तथा कहा है कि लोक निर्माण विभाग की लापरवाही का खामियाजा नगर की जनता लगातार भुगत रही है लेकिन विभाग के अधिकारी कुम्भकरणी नींद सोये हुए हैं उन्होंने कहा कि लोक निर्माण विभाग के अधिकारी अपनी कुम्भकरणी नींद से जागे अन्यथा बहुत जल्द विभाग को नींद से जगाने के लिए वे उग्र आन्दोलन करेंगे।श्री कर्नाटक ने कहा कि आज लोक निर्माण विभाग की लापरवाही से अल्मोड़ा के सभी लिंक मार्ग लम्बे समय से बद्तर स्थिति में हैं।चाहे रानीधारा धार की तूनी लिंक मार्ग हो,चाहे एन टी डी धार की तूनी लिंक मार्ग हो,चाहे गैस गोदाम लिंक मार्ग हो,चाहे होली एंजल मेडिकल कालेज लिंक मार्ग हो आज बेहद बदहाल हैं।लोक निर्माण



विभाग के अधिकारी अपने कमरों में बैठकर अपने कार्य की इतिश्री कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि लिंक मार्गों के प्रति लोक निर्माण विभाग लगातार लापरवाह बना हुआ हैजिसकी वजह से जनता की फजीहत हो रही है।श्री कर्नाटक ने कहा कि रानीधारा मार्ग में बच्चों के लगभग आधा दर्जन स्कूल स्थित हैं जिससे सैकड़ों की संख्या में बच्चे प्रतिदिन आवागमन करते हैं। मार्ग की हालत ऐसी है कि पैदल चलना तक इस मार्ग में मुश्किल है। उन्होंने कहा कि यही हाल हर लिंक मार्ग का है।श्री कर्नाटक ने कहा कि यह विभाग को अन्तिम चेतावनी है कि अविलंब अपनी कार्यशैली सुधारें और लिंक मार्गों के सुधारीकरण की कार्यवाही प्रारंभ करें। उन्होंने कहा कि यदि अब विभाग ने उक्त सभी लिंक मार्गों के सुधारीकरण की ओर कोई कदम नहीं उठाया तो वे जनहित में तत्काल प्रभाव से विभाग के खिलाफ आन्दोलनात्मक रूख अपनाने को बाध्य होंगे।

# 15 जनवरी तक चलेगा जनजागरूकता अभियान

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शचि शर्मा ने बताया कि मा0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के निर्देशों के क्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अल्मोड़ा को जनपद में नालसा (कानूनी सेवाओं के पीड़ितों के लिए नशीली दवाओं के दुरूप्रयोग और नशीली दवाओं के उन्मूलन) स्कीम 2025 के तहत 15 दिवसीय गहन जागरूकता अभियान 01 जनवरी से 15 जनवरी, 2024 तक आयोजित करने हेतु निर्देशित किया गया हैं। उन्होंने बताया कि इस गहन जागरूकता अभियान को सफल बनाने हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, समाज कल्याण, गृह विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल कल्याण विभाग, नारकोटिक्स कन्ट्रोल ब्यूरो का अमूल्य सहयोग एवं सक्रिय सहभागिता लेने हेतु निर्देशित किया गया हैउन्होंने बताया कि इस गहन जागरूकता अभियान में जिले में प्राईवेट एवं सरकारी स्कूलों एवं कालेजों, बाल सुधार गृह एवं सम्प्रेक्षण गृह, नशा मुक्ति पुर्नवास केन्द्र, जिला कारागार में कानूनी जागरूकता कार्यक्रम और शिविर आयोजित किए जायेंगे जिसमें स्कूल छात्र-छात्राओं, युवा पीढ़ी एवं बन्दियों को नशे के दुष्प्रभावों एवं खतरों के सम्बन्ध में जागरूक किया जायेगा। उन्होंने बताया कि इस जागरूकता अभियान में सेवा प्राधिकरण सम्बन्धित हितधारकों के साथ समन्वय स्थापित कर नशामुक्ति व पुर्नवास केन्द्रों का विजिअ करेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि ऐसे कोई भी केन्द्र अवैध रूप से संचालित तो नहीं किये जा रहे हैउन्होंने बताया कि इस गहन जागरूकता अभियान में विद्यालयों के बच्चों की जागरूकता रैली आयोजित की जायेगी तथा नशीली दवाओं के हानिकारक प्रभावों और उन पर अंकुश लगाने के साधनों पर रेडिया टॉक शो, टेलीविजन साक्षात्कार और नुक्कड़ नाटक आयोजित किये जायेंगे। इस अभियान में स्कूलों में ड्राईगस्लोगन/ निबन्ध प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी व प्रत्येक श्रेणी में चयनित शीर्ष 03 विजेताओं को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा सम्मानित किया जायेगा।

# निशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के दिशा निर्देशानुसार एवं माननीय जिला न्यायाधीश महोदया,अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल श्रीमती सुजाता सिंह के मार्गदर्शन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल श्रीमती बीनू गुलयानी के निर्देशन में चिकित्सा विभाग के सहयोग से जिला नैनीताल के विभिन्न दुरुस्त ग्राम क्षेत्र में तथा ब्लॉक स्तरों पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रो के माध्यम से निशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया। जिसमें रामगढ़, सुयालवाड़ी ,बेतालघाट सिमलखा ,चौखूटा,धारी ,तूगढ़िया डेम, शिवनाथपुर नई बस्ती , मालधान रामनगर, कोटाबाग, इत्यादि क्षेत्र में निशुल्क स्वास्थ्य जांच की गई, जिसमे, 652 से अधिक व्यक्तियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा 12 व्यक्तियों का दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाए गए। जिसमें मुख्यत: शुगर बीपी नेत्र परीक्षण हीमोग्लोबिन आदि जांचें की गई।



## दस पेटी देशी शराब सहित एक दबोचा

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। पुलिस ने चैकिंग के दौरान एक टैंपो से 10 पेटी देशी शराब के बरामद किए हैं। उसके खिलाफ आबकारी एकट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली पुलिस राजपुरा में रेलवे फाटक क्षेत्र में गशत पर भी। इसी दौरान तिकोनिया से तेज रफ्तार से आ रहे टैंपो को रोक कर उसकी तलाशी ली गई तो टैंपो में रखी पेटी में 480 पव्वे देशी शराब बरामद हुए। पकड़े गए युवक ने अपना राहुल आर्या पुत्र स्व. प्रेम चन्द्र खेड़ा गौलापार बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तस्करी में प्रयुक्त टैंपो सीज कर दिया है।

# व्यापारियों ने जताया राज्य मंत्री भट्ट का आभार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल महानगर अध्यक्ष योगेश शर्मा के नेतृत्व में व्यापारियों ने अजय भट्ट रक्षा राज्य मंत्री भारत सरकार से मिलकर सड़क चौड़ीकरण के नाम पर हो रहे व्यापारी उत्पीड़न के खिलाफ अपनी बातें रखी। उन्होंने कहा कि कई दशकों से व्यापारी अपने प्रतिष्ठानों पर व्यापार करते आ रहा है। जो कि नगर निगम द्वारा लोगों को आवंटित की हुई दुकान को अतिक्रमण



की जद मे ले रहे हैं और लोगों की अपनी निजी संपत्ति को भी तोड़ने की योजना बना रहे हैं। श्री भट्ट ने व्यापारियो को आश्वस्त किया यह सरकार किसी भी व्यापारी का उत्पीड़न नहीं होने देगी। जिस पर अजय भट्ट और भाजपा जिला अध्यक्ष प्रताप बिष्ट का आभार व्यक्त किया। इस दौरान महामंत्री मनोज जायसवाल, प्रचार मंत्री संदीप सक्सेना, पवन सागर, अंकुर ओबेरॉय, विजय गुप्ता आदि व्यापारी मौजूद थे।

## पेज एक का शेष...

**सड़क हादसे में बाईक....** घटना के बाद वहां लोगों की भीड़ लग गई। मामले की सूचना मिलने पर परिजन भी आ गये। तब तक गंभीर रूप से घायल जोगेन्द्र की मौत हो चुकी थी। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक की दो साल पहले ही शादी हुई थी। उसका 3 माह का एक पुत्र है। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिसकर्मी भी आ गये। उन्होंने शव को अपने कब्जे में लेकर घटनास्थल का निरीक्षण किया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। गुरूवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। इस बीच घटना की जानकारी मिलने पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल भी पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे उन्होंने घटना पर दुख व्यक्त करते हुए परिजनों को ढांढस बंधाया। वहीं पुलिस का कहना है कि परिजनों की ओर से तहरीर मिलने पर मामले में कार्रवाई की जायेगी। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी की फुटेज भी खंगाल रही है।

**शोषण के खिलाफ डाल्फिन....**शनिवार की ड्यूटी नहीं करते है तो रविवार का काट देते हैं। कर्मचारी की 19 उपस्थिति होने पर 1 दिन का वेतन काट लेते है। कर्मचारी त्योहार के मौके पर त्योहार से एक दिन पहले या बाद में काम पर नहीं पहुंचते है तो हमारा होली डे का वेतन काट लेते हैं। कर्मचारी को बोनस नहीं दिया जाता है। यदि कम्पनी में आते जाते वक्त रास्ते में कोई दुर्घटना घटित हो जाती है तो कम्पनी द्वारा किसी प्रकार का सहयोग प्रदान नहीं किया जाता है। रोषित कर्मचारियों ने कहा जब तक उनकी मांगों का समाधान नहीं किया जायेगा वह अपना आन्दोलन जारी रखेंगें। विरोध प्रदर्शन की सूचना पर पहुंचे भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा और पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल की मौजूदगी में प्रशासन के साथ श्रमिकों के प्रतिनिधि मण्डल से वार्ता की गयी।


**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम SUNIL KUMAR से बदलकर SUNIL KAPOOR कर लिया है और अब मुझे भविष्य में SUNIL KAPOOR के नाम से ही जाना व पहचाना जाए।

सुनील कपूर पुत्र संगत सिंह
निवासी- ब्लाक कालोनी, वार्ड नं. 5,
गदरपुर, तह. गदरपुर,
जिला उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड


**सपाइयों ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन....** को ज्ञापन प्रेषित किया। जिसमे कहा गया है कि है कि 13 फरवरी 2020 को भाजपा शासन काल में तत्कालीन जिलाधिकारी डॉ० नीरज खैरवाल द्वारा तहसील बाजपुर के 20 गांव की 5838 एकड़ भूमि पर खरीद-फरोख्त की रोक लगा दी गयी थी। जिसके लिये समाजवादी पार्टी ने उक्त भूमि को मुक्त करने हेतु आंदोलन किया था। तत्पश्चात् सरकार ने सन् 2022 की विधानसभा चुनाव के समय पर उक्त भूमि से खरीद-फरोख्त के प्रतिवन्ध हटा लिये गये थे। लेकिन चुनाव परिणाम आने के कुछ समय बाद पुन: उक्त भूमि की खरीद-फरोख्त पर प्रतिवन्ध लगा दिया गया है। जिसको लेकर किसान यूनियन सहित समस्त राजनैतिक संगठन आंदोलन कर रहे है। उक्त भूमि की खरीद-फरोख्त पर प्रतिवन्ध लगे हुये लगभग 3 वर्ष हो चुके है जिससे क्षेत्र के लगभग पचास हजार लोग प्रभावित है उक्त भूमि की खरीद-फरोख्त पर प्रतिवन्ध होने के कारण आवासीय ऋण, शिक्षा ऋण, व्यवसायिक व ऋण आदि कार्य प्रभावित हो गए हैं। प्रदर्शन करने वालों में अमित कुमार, शाहिद, शरीफ अंसारी, विनोद कुमार, सज्जाद अंसारी, अमरजीत गुप्ता, कामिल मियां, तेजपाल, हर्ष शर्मा, मुमत्याज सैफी, राम सिंह सागर, अरविंद दिवाकर व असलम आदि शामिल थे।

**मंत्री-विधायक 'विवाद' पर .....**के नाते पार्टी विधायक की जिम्मेदारी और अधिक बढ़ जाती है कि वह शालीनता के साथ अपनी बात रखें तथा पार्टी के आम कार्यकर्ताओं के लिए एक उदाहरण प्रस्तुत करें। अपनी सरकार के मंत्री के खिलाफ धरना देना और मीडिया में जाना उचित नहीं है ।यदि समस्या का कोई समाधान नहीं हो रहा है तो उसे पार्टी फोरम पर रखा जा सकता है। संगठन, अनुशासन को तोड़ने की इजाजत किसी को नहीं दे सकता है, चाहे वह विधायक हों या मंत्री । दोनों नेताओं को हिदायत दे दी गई है कि इस तरह की घटना की भविष्य में पुनरावृत्ति नहीं होनी चाहिए। भाजपा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भट्ट ने आगे जोड़ा, कि उन्होंने पार्टी विधायक को बातचीत के लिए बुधवार को बुलाया है। विधायक का पक्ष सुना जाएगा और समाधान भी निकाला जाएगा।

**मुख्य बाजार में व्यापारी......** की। साथ ही धमकी देकर 20 हजार रूपये की डिमान्ड करने लगा। जब उसका विरोध किया तो वह जान से मारने की धमकी देने लगा। सचिन अरोरा का कहना है उसने तुरंत 100 नम्बर पर फोन कर पुलिस को जानकारी दी। जिस पर लूट के इरादे से आया वह व्यक्ति अपने साथी के साथ मौका देखकर पुन: जान से मारने की धमकी देकर वहाँ से फरार हो गया। मामले की सूचना मिलते ही पुलिसकर्मी मौके पर आ गए और उन्होंने व्यापारी सचिन अरोरा से घटना की विस्तार से जानकारी लेने के बाद दुकान में लगे सीसीटीवी की फुटेज भी देखी। पुलिस का कहना है कि आरोपी को शीघ्र पकड़ लिया जायेगा।

# बिजली चोरी में दो के खिलाफ मुकदमा

हल्द्वानी। विद्युत विभाग की टीम ने बिजली चोरी में दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। मौके से टीम ने काफी मात्रा में केबिल व अन्य सामान बरामद किया है। बिजली विभाग की टीम को बद्रीपुरा में बिजली चोरी की सूचना मिली थी। जिसके बाद उपखंड अधिकारी नीरज चंद्र पाण्डे, अवर अभियंता सुरेश चंद्र और लाइन मैन बलवंत बोरा व संजय बढ़ई ने बद्रीपुरा में राजदा पत्नी स्व. यासीन खान के घर पर छापामार कर बिजली चोरी पकड़ी है। टीम ने मौके पर विद्युत केबिल बरामद की है। वहीं टीम ने समीर खां पुत्र स्व. यासीन के यहां भी छापा मारकर बिजली चोरी पकड़ी है। विद्युत विभाग की टीम ने राजदा और समीर खान के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

# घर से किशोरी हुई लापता

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प क्षेत्र से एक किशोरी संदिग्धपरिस्थितियों में घर से लापता हो गई। परिजनों ने उसकी गुमशुदगी की सूचना पुलिस को दे दी है। परिजनों का कहना है कि गत 2 जनवरी की दोपहर उनकी 14 वर्षीय पुत्री घर में बिना किसी को बताये कहीं चली गई। उसकी सभी संभावित स्थानों में खोजबीन करने के बाद भी उसका अभी तक कोई पता नहीं चल पाया है। पुलिस किशोरी की गुमशुदगी दर्ज कर उसकी खोजबीन शुरू कर दी है।


**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित

**सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र**

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

**E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in**

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# रूद्रपुर में प्रकाश पूरब पर निकली प्रभात फेरियां





रूद्रपुर (उद संवाददाता)। साहिब श्री गुरू गोबिन्द सिंघ जी महाराज का दो दिवसीय पावन प्रकाशोत्सव यहां गुरूद्वारा श्री गुरूसिंह सभा, दशमेश नगर आवास विकास में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस मौके पर आज सायं तथा कल प्रात: व सायंकाल गुरूद्वारा में विशेष धार्मिक दीवान में रागी जत्थों, कविशरों तथा कथावाचकों द्वारा गुरू की महिमा का गुणगान कर उपस्थित सैकड़ों संगत को निहाल किया जायेगा। कार्यक्रम के तहत गत 24 दिसम्बर से प्रतिदिन प्रात: संगत द्वारा प्रभात फेरी निकाली जा रही हैं। आज प्रात: समूह प्रभात फेरियां गुरू अंगद देव कॉम्प्लेक्स पर एकत्रित हुई। जहां से ढोलक मंजीरों के साथ शबद कीर्तन करते संगत विभिन्न मार्गों पर से होकर गुजरती हुई गुरूद्वारा श्री गुरू सिंह सभा दशमेश नगर पहुंची। जहां अरदास की गई तथा प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर भूपेन्द्र सिंह लांबा, सोमपाल सिंह, बलविन्दर सिंह, लवली लांबा, हरप्रीत सिंह लांबा, अवतार सिंह, हरबंस सिंह, शारदा सिंह, बलजिन्दर सिंह, गुरदीप सिंह, मंजीत सिंह, भजन सिंह, राजेन्द्र सिंह, सिमरप्रीत सिंह, इशनीत सिंह, कुलजीत सिंह, राजन सिंह, प्रीतम सिंह, रणजीत सिंह, अमरजीत सिंह, अजीत कौर, पूनम कौर, जसनीत कौर, दमनदीप कौर, सुरेन्द्र पाल कौर, अमनदीप कौर, राजेन्द्र कौर व रमणीत कौर सहित भारी संख्या में संगत मौजूद थी। आज सायं गुरूद्वारे में सायं 6 बजे से रात्रि 11 बजे तक विशेष धार्मिक दीवान सजाया जायेगा। जिसमें भाई नवनीत सिंह, ज्ञानी सतवंत सिंह, प्रिंसीपल मनिन्दर पाल सिंह,भाई मलकीत सिंह व बीबीयां का डाढ़ी जत्था, भाई हरजिन्दर सिंह, भाई दरशन सिंह, भाई सोहन सिंह, भाई जोरावर सिंह, भाई रेशम सिंह, भाई हरविन्दर सिंह तथा भाई मंगल सिंह द्वारा गुरू की महिमा का बखान किया जायेगा। कल 5 जनवरी को गुरूद्वारा में प्रात: 9 बजे से दोपहर तीन बजे तक एवं सायं 6 से रात 11 बजे तक विशेष धार्मिक दीवान सजाया जायेगा। साथ ही अटूट लंगर भी बरताया जायेगा।

## महिलाओं के लिए सिलाई सेंटर का किया शुभारंभ

रुद्रपुर( उद संवाददाता)।भाईचारा एकता मंच के प्रयास से किच्छा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम छिनकी में दूसरे सिलाई सेंटर का शुभारंभ ग्राम प्रधान व भाईचारा एकता मंच के केंद्रीय अध्यक्ष द्वारा किया गया। सिलाई सेंटर का शुभारंभ ग्राम प्रधान रणजीत कौर ,भाईचारा एकता मंच के केंद्रीय अध्यक्ष केपी गंगवार ,केंद्रीय महामंत्री



मुमत्याज अहमद, महानगर अध्यक्ष आरती मौर्य, जिला महामंत्री काजल राघव, महानगर सचिव छाया शर्मा द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर केंद्र में प्रशिक्षण ले रही 40 अल्पसंख्यक समाज की महिलाओं के साथ ग्राम प्रधान व अन्य ग्राम वासी भी मौजूद रहे। शुभारंभ के अवसर पर केंद्र के संचालक एवं भाईचारा एकता मंच के केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य उमेश भारती ने संगठन व सरकार द्वारा संचालित अल्पसंख्यक कल्याण बोर्ड की योजनाएं के बारे में विस्तार से बताया।

## गणेश उपाध्याय ने की नैनीताल लोस सीट से दावेदारी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नैनीताल ऊधम सिंह नगर लोकसभा सीट पर कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व दर्जा राज्यमंत्री डॉ. गणेश उपाध्याय ने अपनी दावेदारी पेश करते हुए कहा है कि अगर पार्टी उन्हें प्रत्याशी बनाती है तो वह कांग्रेस को जीत हासिल करने में कोई भी कसर नहीं छोड़ेंगे। पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस अपनी इस परम्परागत सीट पर परचम फहराना चाहती है। किसानों , व्यापारियों , आम जन मानस की समस्याओं के हल के लिए उनके द्वारा वर्षों से सड़क से हाईकोर्ट तक लड़ाई लड़ी जा रही है। डा. उपाध्याय ने दावा किया कि किसान नेता के रुप में कृषि कानूनों की वापसी की लड़ाई को तराई और भावर के किसानों को साथ लेकर सड़क से लेकर उच्च न्यायालय उत्तराखंड में लड़ाई लड़ी। कांग्रेस पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद राहुल गांधी के खिलाफ अशोभनीय टिप्पणी करने पर असम के मुख्यमंत्री हेमंत विशवासर्मा के ऊपर मुकदमा दर्ज कराने हेतु कार्यवाही जिला एवं सत्र न्यायालय जनपद ऊधम सिंह नगर के माध्यम उनके द्वारा लड़ी जा रही है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड राज्य निर्माण आंदोलनकारी होने के नाते सम्पूर्ण लोकसभा क्षेत्र में उनको उत्तराखंड राज्य निर्माण आन्दोलनकारियों का समर्थन प्राप्त



है।कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के दो बार छात्र संघ अध्यक्ष रहने के दौरान सम्पूर्ण लोकसभा क्षेत्र के पदाधिकारियों व छात्र नेताओं के बीच उनकी गहरी पैठ है। यदि राष्ट्रीय नेतृत्व उन पर भरोसा जताते हुए उन्हे कांग्रेस प्रत्याशी बनाती है तो निश्चित रूप से नैनीताल ऊधम सिंह नगर सीट को कांग्रेस की झोली डालेंगे। प्रेसवार्ता के दौरान पूर्व कैबिनेट मंत्री हरीश चद्र दुर्गापाल, प्रदेश महामंत्री महेश शर्मा, खजान पांडे, राजेंद्र खनवाल, एनबी गुणवंत, सतीश नैनवाल, भोला दत्त भट्ट, नरेश अग्रवाल, सोहेल सिद्दीकी, जगमोहन चिलवाल, बालम बिष्ट, उमेश कबड़वाल, तारा सिंह नेगी, नीरज तिवारी, मयंक भट्ट, जगमोहन बगड़वाल, गोपाल बिष्ट, प्रमोद कलौनी, जीवन कार्की, अनुपम कबड़वाल, महिपाल सिंह बोरा, आफताब हुसैन, कुंदन नेगी, मनमोहन कनवाल, जमुनादत्त कत्यूरा, अंकित शाह, मधु सांगुणी, हिमांशु पाण्डे, गोविंद बगड़वाल, भानू पड़लिया, नवीन आर्या आदि उपस्थित थे।

## उत्तराखंड में कई अफसरों के प्रभार बदले

देहरादून। उत्तराखंड शासन ने देर रात प्रशासनिक फेरबदल के तहत सचिव दीपेन्द्र चौधरी से कृषि व कृषक कल्याण का प्रभार हटाकर सचिव विनोद कुमार सुमन को दे दिया है। कार्मिक एवं सतर्कता विभाग की ओर से जारी आदेश के तहत सुमन से सचिवालय प्रशासन, सामान्य प्रशासन व प्रोटोकॉल हटा दिया गया है। ये सभी प्रभार सचिव दीपेंद्र चौधरी संभालेंगे । कुल छह अफसरों के प्रभार में बदलाव हुआ है। सचिव आर मीनाक्षी सुंदरम अपने सभी दायित्वों के साथ उत्तराखंड निवेश एवं अवस्थापना विकास बोर्ड के प्रबंध निदेशक प्रभार भी देखेंगे। अपर सचिव विनीत कुमार अपने दायित्वों के साथ अब आईटीडीए व निदेशक यूसैक का अतिरिक्त प्रभार भी सभालेंगे। ये दायित्व नितिका खंडेवालके पास थे, जो अभी मातृत्व अवकाश पर हैं। अपर सचिव रणवीर सिंह चौहान से निदेशक उद्यान का प्रभार हटा दिया गया है। श्रमायुक्त दीप्ति सिंह को निदेशक उद्यान का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

## नगर कीर्तन का जोरदार स्वागत

गदरपुर (उद संवाददाता)। गुरु गोविंद सिंह जयंती पर गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा गदरपुर द्वारा आयोजित नगर कीर्तन का मुख्य बाजार में भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा के नेतृत्व में श्रद्धा पूर्वक जयकारों के साथ स्वागत किया गया । भाजपाइयों की टीम द्वारा श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के समक्ष नतमस्तक होते हुए पांच प्यारों एवं



अन्य सेवादारों को सिरोपा भेंट किए गये ,वहीं संगत को प्रसाद वितरित करते हुए उन्होंने संगत को श्री गुरु गोविंद सिंह जयंती की शुभकामनाएं प्रदान की इस दौरान सुभाष गुंबर, अशोक हुड़िया ,सुरेश खुराना, कपिल, नरेश हुड़िया,परमजीतसिंह, सोनू विश्वास, हरलोक सिंह, जुगनू सुखीजा सहित तमाम कार्यकर्ता शामिल रहे ।

## वार्ड 11 और 9 में घर घर पहुंचाये पूजित अक्षत



गदरपुर( उद संवाददाता)। अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में निमंत्रण के अक्षत वितरण के लिये राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल और भाजपा सहित संघ के अन्य अनुषांगिक संगठन घर घर दस्तक देकर अक्षत का वितरण कर रहे है। इसी क्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा के नेतृत्व में वार्ड न. 11 ज्ञान विहार कालोनी में और वार्ड नंबर 9 में टीम द्वारा अक्षत का वितरण किया गया। इस दौरान बीजेपी जिलाध्यक्ष गुन्जन सुखीजा ने बताया कि पूजा में जो सबसे विशेष सामग्री चढ़ाई जाती है वह अक्षत है यानी चावल, फूल जी हां किसी भी देवी देवता की पूजा हो तो उस पूजा के दौरान अक्षत चढ़ाने को बोला जाता है। बताया कि श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट के बैनर तले रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आमंत्रण के लिए अक्षत वितरण का कार्यक्रम भी नववर्ष 01 जनवरी से पूरे देशभर में शुरू हो गया है। अक्षत वितरण में केवल संघ या विहिप ही नहीं बल्कि भाजपा सहित सभी अनुषांगिक संगठनों को जोड़ा गया है। विधायक, सांसद, मंत्री और बड़े पदाधिकारी भी घर घर जाकर अक्षत वितरण कर रहे है। बताया कि अक्षत और रामलला का चित्र वितरित करते समय 550 साल पुराना सपना अब साकार हुआ है, इस बारे में भी बताया जा रहा हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयास से ही इस संघर्ष में सफलता हासिल हुई है। इस दौरान कपिल, रवि श्रीवास्तव, सोनू पोपली, कृष्ण लाल सुधा, कशिश खुराना, विनोद चुग, सुरेंद्र छाबड़ा, सोनू विश्वास आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## देवदार के पेड़ों की लोपिंग रोकने को वन कर्मियो ने की कांबिंग

लोहाघाट (उद संवाददाता)। लोहाघाट के गलचोढ़ा क्षेत्र में देवदार बनी में देवदार के पेड़ों में हो रही लोपिंग



की खबर का संज्ञान लेते हुए लोहाघाट रेंजर दीप जोशी के निर्देश पर बुधवार को गलचौड़ा आरक्षित वन क्षेत्र में वन कर्मियों ने पऊ के सरपंच के द्वारा कांबिंग की गई। वन कर्मियों को देख जंगल गई महिलाएं जंगल से भाग खड़ी हुई वहीं वन कर्मियों द्वारा पूरी देवदार बनी में कांबिंग कर क्षेत्रीय ग्रामीणों के साथ बैठक कर उनसे देवदार की टहनियों को न काटने तथा देवदार के जंगलों को बचाने की अपील की तथा जंगल नष्ट होने से उसके नुकसान के बारे में जानकारी दी गई। मालूम हो गलचौड़ा क्षेत्र में महिलाओं के द्वारा लकरियो के लिए देवदार के बहुमूल्य पेड़ों की टहनियों को काटा जा रहा था जिस पर पर्यावरण प्रेमी पूर्व सैनिक मयंक ओली ,सुरेश जोशी व अन्य लोगों के द्वारा आपत्ति जताते हुए वन विभाग से कार्यवाही की मांग की गई थी। जिसका संज्ञान लेने के बाद वन विभाग हरकत में आया वहीं पर्यावरण प्रेमी पूर्व सैनिक मयंक ओली ने मामले का संज्ञान लेने के लिए लोहाघाट रेंजर दीप जोशी व वन विभाग को धन्यवाद देते हुए बीच-बीच में जंगल में गशत करने की मांग की गई वही रेंजर दीप जोशी के द्वारा क्षेत्रीय जनता से पेड़ों की टहनियों को न काटने की अपील की है।

## क्षतिग्रस्त नाली निर्माण की मांग को लेकर व्यापारियों का प्रदर्शन

लोहाघाट (उद संवाददाता)। लोहाघाट नगर के शीतला माता मंदिर के पास पीडब्ल्यूडी की नाली लंबे समय से क्षतिग्रस्त पड़ी हुई है जिस कारण गंदा पानी व्यापारियों की दुकानों के आगे जमा हो रहा है तथा कई लोग क्षतिग्रस्त नाली में गिरकर चोटिल हो चुके हैं वही व्यापारियों ने अनुसूचित मोर्चा जिलाध्यक्ष विपिन गोरखा के नेतृत्व में नाली निर्माण की मांग करते हुए पीडब्लूडी लोहाघाट के खिलाफ प्रदर्शन किया। गोरखा व व्यापारियों ने कहा पीडब्लूडी से कई बार नाली निर्माण की मांग करी गई पर कोई संज्ञान नहीं लिया गया। उन्होंने कहा नाली निर्माण न होने से कई लोग गिरकर चोटिल हो चुके हैं उनकी दुकानों के आगे गंदा पानी हर वक्त जमा रहता है। साथ ही पास देने में कई दुपहिया वाहन चालक इस स्थान में गिरकर चोटिल हो गये। आक्रोशित व्यापारियों ने चेतावनी देते हुए कहा अगर जल्द नाली निर्माण कार्य नहीं किया जाता है तो व्यापारी चक्का जाम



करने को मजबूर होंगे। जिसकी पूरी जिम्मेदारी पीडब्लूडी लोहाघाट की होगी । पीडब्लूडी लोहाघाट के अधिशासी अभियंता संजय चौहान ने मामले का संज्ञान लेते हुए फोन पर वार्ता में बताया संबंधित क्षेत्र के अभियंता को मौके पर भेजा जा रहा है जल्द नाली निर्माण कार्य शुरू करवा दिया जाएगा। प्रदर्शन करने में भास्कर भट्ट ,मोहित सगटा ,गोपाल कुवर ,सुरेश पांडे, ललित तिवारी, प्रेम सिंह, मदन खोलिया ,रवि कापड़ी ,कमल जोशी ,राहुल वर्मा ,बृजेश आदि व्यापारी शामिल रहे।